माघ कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संतव 2080

मुरादाबाद, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

वर्ष 4, अंक 307, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री 15

गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल 16



बुलंदशहर में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीराम की मूर्ति भेंट करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मौजूद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## चुनाव का नहीं विकास के लिए बिगुल फूंकता है मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंदशहर में जनसभा को किया संबोधित, पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दीं 20,700 करोड़ रुपये की 46 विकास परियोजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर और मेरठ को मिली योजनाएं

**अमृत विचार :** मोदी शब्द को ही विकास की गारंटी का पर्याय करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 20 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाएं दीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें चुनावी बिगुल फूंकने की जरूरत नहीं, वो हमेशा विकास का बिगुल फूंकते हैं।

मोदी को ना पहले जरूरत थी, ना आज जरूरत है और ना ही चुनाव का बिगुल फूंकने की आगे कभी जरूरत पड़ेगी। जब जनता ही मोदी के लिए बिगुल फूंकती है तो उन्हें अपना समय बिगुल फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। प्रधानमंत्री गुरुवार को यहां पुलिस शूटिंग ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने रेलवे के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से मालगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### कल्याण सिंह को किया याद

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री ने रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवरेज, मेडिकल कॉलेज और आद्योगिक क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है। कल्याण सिंह ने रामकाज और राष्ट्रकाज के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां भी हैं अयोध्या धाम को देखकर आनंदित हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और उत्तर प्रदेश के विकास के बिना यह संभव नहीं। इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह, मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद महेश शर्मा, डॉ. भोला सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सतपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह नागर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

**योगी ने मोदी को बताया प्रेरणा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि आज मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री का बुलंदशहर की धरती पर आगमन हम सबके लिए प्रेरणा है कि बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटना है। कुछ दिनों के बाद जब आम चुनाव होंगे, जनता आपके साथ फिर से खड़ी होगी। योगी के मुताबिक, आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस मौके पर योगी ने प्रधानमंत्री को राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं ओडीओपी के अंतर्गत राम मंदिर के उकेरे गए चित्र वाली खुर्जा की सेरेमिक ट्रे भी भेंट की।

### मोदी ने की योगी की प्रशंसा

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नए पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य बढ़ा दिया है। कहा कि आज दुनिया में तीन हजार रुपये में किसानों को यूरिया की बोरी मिल रही है, वहीं भारत में ये 300 रुपये से भी कम कीमत में मिल रही है। सरकार नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत बहनों को ड्रोन पायलट के रूप में ट्रेनिंग दे रही है।

### शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि-पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस पर **26 जनवरी** को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक **28 जनवरी** को प्रकाशित होगा। –संपादक

## ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण में भी मिला मंदिर का ढांचा

### सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ता का दावा

### 839 पन्नों की रिपोर्ट की प्रतियां संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराई

- हिंदू और मुस्लिम पक्षों से कुल 11 लोगों ने कोर्ट से मांगी थी रिपोर्ट


वाराणसी, एजेंसी

काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट गुरुवार को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है। सर्वे रिपोर्ट जारी होने के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने गुरुवार को दावा किया कि रिपोर्ट से संकेत मिला है कि ज्ञानवापी मस्जिद वहां पहले से मौजूद एक पुराने मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई थी।

जैन ने संवाददाताओं को बताया एएसआई की 839 पन्नों वाली सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां गुरुवार देर शाम अदालत द्वारा संबंधित पक्षों को उपलब्ध करा दी गईं। रिपोर्ट के हवाले से जैन ने दावा किया कि मस्जिद पूर्व में मौजूद मंदिर को तोड़कर उसके अवशेषों पर बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंदिर के अस्तित्व के पर्याप्त सबूत मिलने की बात कही गई, जिस पर मस्जिद का निर्माण किया गया था। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर पर एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों सहित कुल 11 लोगों ने अदालत में आवेदन किया था।

ज्ञानवापी मामले में अदालत ने एएसआई के निदेशक को चार अगस्त 2023 तक सर्वे के संबंध में रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट गया। जिसके बाद दोबारा चार अगस्त 2023 से सर्वे शुरू हुआ, जो दो नवंबर तक पूरा हो सका। 18 दिसंबर 2023 को सर्वे रिपोर्ट अदालत में दाखिल की गई थी। इसके बाद से ही हिंदू पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रहा था। हिंदू पक्ष का कहना था कि सर्वे में हिंदू पक्ष की दलीलों को माना गया है। आज इस सर्वे रिपोर्ट के कुछ अंश सामने आए हैं जिन्होंने एक बार अयोध्या फैसले की याद दिला दी है। सर्वे में इस बात का दावा किया गया है कि मस्जिद के पहले यहां मंदिर था और उसकी संरचना के सबूत प्राप्त हुए हैं। जैन का कहना है कि अब सील वजूखाना की एएसआई सर्वे की मांग सुप्रीम कोर्ट से करेंगे।

इससे पहले अदालत ने सर्वे रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से साफ इन्कार कर दिया था। यह मांग अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से की गई थी। दूसरी तरफ मस्जिद कमेटी की सर्वे रिपोर्ट ई-मेल पर उपलब्ध कराने की मांग भी खारिज कर दी गई।



### क्या है ज्ञानवापी विवाद

ज्ञानवापी विवाद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इसके नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2050 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था। दावा है कि मुगल सम्राट औरंगजेब ने साल 1664 में मंदिर को तुड़वाकर यहां मस्जिद का निर्माण किया। जिसे ज्ञानवापी मस्जिद कहा जाता है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि ज्ञानवापी परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण कर यह पता लगाया जाए कि जमीन के अंदर का भाग मंदिर का अवशेष है या नहीं। एएसआई की सर्वे रिपोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के शिलालेख मिले हैं। रिपोर्ट में महामुक्ति मंडप लिखा है। एएसआई का कहना है कि यह मजबूत संकेत है।

## कंटेनर ने ऑटो को मारी टक्कर 12 श्रद्धालुओं की चली गई जान

### कोहरा बना काल

- बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर सुबह हुआ भीषण हादसा
- गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे थे सभी ऑटो सवार

संवाददाता, अल्हागंज/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो को बिहार जा रहे कंटेनर (ट्रक) ने गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे टक्कर मार दी। भीषण हादसे में ऑटो में सवार 12 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में आठ पुरुष, तीन महिलाएं और एक किशोर शामिल हैं। हादसा अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा बना है।

गांव दमगड़ा निवासी अनंतराम गुरुवार को अपनी मां बसंता व गांव के लालाराम, पुत्तुलाल, सियाराम, लंकुश, मनीराम, पोथीराम समेत 12 लोगों के साथ गांव के ऑटो से पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने के लिए घटियाघाट जनपद फर्रखाबाद जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे जब ऑटो बरेली-फर्रुखाबाद मार्ग (हाईवे) पर अल्हागंज थाना क्षेत्र में गांव सुगसुगी के समीप पहुंचा, तभी अल्हागंज की ओर से तेज गति में आ रहे कंटेनर ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो कंटेनर में ही फंस गया, जिसे निकालने के लिए चालक ने कंटेनर को बैक किया और ऑटो व उसमें से सड़क पर गिरे लोगों को रौंदते हुए भाग निकला। हादसे में ऑटो सवार सभी 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 20 किलोमीटर दूर जलालाबाद में आरोपी चालक कंटेनर को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर कब्जे में ले लिया है। अल्हागंज के थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी जलालाबाद हरपाल सिंह बालियान समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीजी पीसी मीणा, आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटनास्थल का मुआयना किया।



दुर्घटनाग्रस्त ऑटो की जांच करती पुलिस और मौके पर मौजूद भीड़।

### सीएम ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के लिए निर्देशित किया।

"कंटेनर की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हुआ। 12 लोगों की मौत हुई है। कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। चालक को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। –**अशोक कुमार मीणा**, एसपी।"

### हादसे में इनकी हुई मौत

लालाराम (30) पुत्र वेदराम, पुतूलाल (50) पुत्र वेदराम, सियाराम (45) पुत्र माखनपाल, सुरेश (40) पुत्र माखनपाल, लंकुश (50) पुत्र चंद्रपाल, ऑटो चालक अनंतराम (35) पुत्र सीताराम, पोथीराम (50) पुत्र नोखेराम, राजरानी उर्फ बसंता (70) पत्नी नेत्रपाल, मनीराम (45) पुत्र सीताराम, रामलली (65) पत्नी ऋषिपाल, मेघावती (70) पत्नी गेंदनलाल, राहुल (12) पुत्र देवेंद्र।

### एक नजर

#### कश्मीर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हथियारों की खेप का आदान-प्रदान करते समय तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 'हाइब्रिड' आतंकवादी वे होते हैं जो हमले करते हैं और फिर वापस नियमित जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया समूहों पर निगरानी और सटीक नजर रखने से उत्तरी कश्मीर में उरी सेक्टर के बोनियार इलाके से आतंकवादियों की गिरफ्तारी हुई जिससे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी घटना टल गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी हिरासत में हैं और आगे की जांच जारी है।

#### मुख्तार के बेटे उमर को गिरफ्तारी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज एक आपराधिक मामले में गुरुवार को गिरफ्तारी से राहत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने संबंधी अंसारी की याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस जारी किया। अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि मुख्य आरोपी को नियमित जमानत दे दी गई है। हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष 19 दिसंबर को अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खरिज कर दी थी।

#### केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक को मिली अग्रिम जमानत

**जलपाईगुड़ी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक को हत्या का प्रयास मामले में अग्रिम जमानत दे दी। उनके खिलाफ यह मामला 2018 में दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने उन्हें एक पखवाड़े में निचले कोर्ट में आत्मसमर्पण का भी निर्देश दिया।

## दूसरी बीवी से बदला लेने के लिए सौतेले पिता ने की बेटे की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- थाने पहुंचकर पिता ने ही बच्चे के गायब होने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सौतेले पिता ने दूसरी बीवी से नाराजगी और दूसरे पक्ष को फंसाने की नीयत से 7 वर्षीय बेटे हसन की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और खुद थाने पहुंचकर बेटे के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

कांठ थाना क्षेत्र के उमरीकलां कस्बे के मुहल्ला नसीराबाद निवासी मासूम के हत्यारोपी सौतेले पिता इदरीश ने पुलिस को बताया कि गांव उमरी के एक व्यक्ति ने उसके व बेटे यूसुफ और पत्नी अंजुम के विरुद्ध अपनी बेटी से दुष्कर्म के आरोप लगाकर केस दर्ज कराया था। इस मामले में वह और उसकी पत्नी अंजुम जमानत पर हैं। बेटे यूसुफ की जमानत के लिए पत्नी अंजुम ने यह कहकर मना कर दिया कि यूसुफ उसका बेटा नहीं है। इस कारण इदरीश पत्नी से नाराज था। उसने दूसरे पक्ष से कई बार समझौता करने का प्रयास किया, लेकिन समझौता नहीं हुआ। अंजुम इदरीश की दूसरी बीवी है और हसन उसके पहले पति का बेटा था। इदरीश ने साजिश के तहत हसन की 18 जनवरी को चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी । एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि बच्चे की हत्या के अगले दिन इदरीश ने कांठ थाने में तहरीर दी कि उसका बेटा हसन कहीं चला गया है। पुलिस बच्चे की तलाश कर रही थी। 23 जनवरी को एक बच्चे का शव गांव दाहड़ी-उमरी कलां चकमार्ग पर मिला। शव की पहचान हसन पुत्र इदरीश के रूप में हुई। बच्चे के गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। 24 जनवरी की रात पुलिस की जांच में स्पष्ट हो गया था कि बच्चे की हत्या करने वाला कोई और नहीं, बल्कि उसका सौतेला पिता इदरीश है। इसके बाद इदरीश को गिरफ्तार कर लिया गया। निशानदेही पर घटनास्थल से आलाकत्ल चाकू व बच्चे की चप्पल बरामद हुई।

## 132 हस्तियों को दिया जाएगा पद्म पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने की पुरस्कारों की घोषणा
- मुरादाबाद के बाबूराम यादव को कला क्षेत्र में मिला पद्मश्री

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार पाने वाली हस्तियों में पांच को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण और 110 को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष पद्म पुरस्कार पाने वालों में 30 महिलाएं और 8 विदेशी हैं। नौ हस्तियों को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया जाएगा। इस बार कुल 132 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा । एक पुरस्कार दो लोगों को संयुक्त रूप से दिया गया है।

पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, सामाजिक कार्यकर्ता बिन्देश्वर पाठक (मरणोपरांत), अभिनेत्री वैज्यंती माला, नृत्यांगना पदमा सुब्रमण्यम और अभिनेता कोनिडेला चिरंजीवी को प्रतिष्ठित पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।

न्यायमूर्ति एम फातिमा बीबी (मरणोपरांत), अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका ऊषा उत्थुप, अभिनेता विजयकांत (मरणोपरांत) और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यब्रत मुखर्जी को पद्म भूषण से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने दो दिन पहले ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लिया था। पद्म पुरस्कार सामाजिक कार्य, लोक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार, उद्योग और साहित्य आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिए जाते हैं।

### पद्म श्री पाने वाली हस्तियां

पद्म श्री पुरस्कार पाने वालों में खलील अहमद (कला), बद्रापन्न एम (कला), कालुराम बमानिया (कला), रिजवान चौधरी बन्नाया (कला), नसीम बनो (कला), रामलाल बरेठ (कला), गीता रॉय बर्मन (कला), पार्बती बरुआ ( सामाजिक कार्य), सर्बेस्वर बासुमत्री (कृषि), सोम दत्त बट्टु (कला), तकदिरा बेगम (कला) सत्यनारायाण बेलेरी (कृषि), द्रोना भूयान (कला), रोहन मनचंदा बोपन्ना (खेल) रेखा चकमा (कला), नारायण चक्रबर्ती (विज्ञान एवं इंजीनियरिंग), ए वेलु अनांदा चारी (कला), राम चेत चौधरी ( विज्ञान एवं इंजीनियरिंग), के चेल्लाम्मल (कृषि), सुश्री जोशना चिनप्पा (खेल), कार्लेट चोपिन (योग), रघुवीर चौधरी (साहित्य एवं शिक्षा), जॉय डी क्रुज ( साहित्य एवं शिक्षा) गुलाम नबी डार (कला), चित्त रंजन देबबर्मा (आध्यात्मिकता) उदय विश्वनाथ पांडे (खेल), प्रेमा धनराज (दवा), राधा कृष्ण धिमान (दवा) मनोहर कृष्ण डोले (दवा), पीएस फिलियोजट (साहित्य एवं शिक्षा), महाबीर सिंह गुड्डु (कला), वाई मनीक्षा इटालिया (दवा), राजाराम जैन (साहित्य एवं शिक्षा), जानकीलाल (कला), रतन कहार (कला), यसवंत सिंह कटोच (साहित्य एवं शिक्षा), बाबूराम यादव( कला) आदि शामिल हैं।

## नीतीश के भाजपा के साथ गठबंधन की अटकलें तेज

नई दिल्ली, एजेंसी

### बिहार में सियासी हलचल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों में गहराती दरार के संकेतों के बीच जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख के भाजपा के साथ गठबंधन में लौटने की संभावना जताई जा रही है।



राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों पर जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के कटाक्ष के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने 'एक्स' पर पोस्ट में ''हवा की दिशा बदलने के साथ अपनी विचारधारा बदलने'' के लिए कुमार पर तंज कसा था। इसके बाद से बिहार की राजनीति में गहमागहमी देखी जा रही है। बिहार के एक भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी अपनी भविष्य की राजनीतिक अनिवार्यताओं को ध्यान में रखकर कदम उठाएगी, न कि अतीत की कड़वाहट से। हालांकि, उन्होंने कहा कि (गठबंधन के संबंध में) कोई भी निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।

## आईपीएस प्रशांत कुमार और मंजिल सैनी को गैलेंट्री अवार्ड

### गणतंत्र दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सात अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक
- सराहनीय सेवा के लिए 74 को राष्ट्रपति का मेरिटोरियस सर्विस मेडल



मंजिल सैनी



प्रशांत कुमार

**अमृत विचार :** दिल्ली स्थित कैंसर अस्पताल के डॉक्टर श्रीकांत गौड़ को 2017 में मेरठ में अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाने वाली टीम में शामिल तत्कालीन एडीजी जोन मेरठ प्रशांत कुमार और एसएसपी मेरठ मंजिल सैनी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर गैलेंट्री मेडल देने की केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की है।

प्रशांत कुमार को चौथी बार राष्ट्रपति का वीरता पदक दिया गया है। इसके अलावा उनको 15 अन्य पदक व कमंडेशन डिस्क भी मिल चुका है। वर्तमान में प्रशांत कुमार डीजी कानून-व्यवस्था, जबकि मंजिल सैनी डीआईजी एनएसजी के पद पर तैनात हैं। इसके अलावा प्रशांत कुमार को पांच लाख के इनामी अपराधी उदयभान यादव को मुठभेड़ में मार गिराने पर मुख्यमंत्री की ओर से तीन लाख रुपये नगद और एक पिस्टल देकर सम्मानित किया गया। उन्हें तीन नगद पुरस्कार के साथ-साथ अब तक 109 कमंडेशन-प्रशस्ति प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा को उत्कृष्ट सेवा के लिए सात पुलिस अफसरों-पुलिसकर्मियों लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक और 74 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का मेरिटोरियस सर्विस मेडल दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक की ओर से सेवा अभिलेख और शौर्य के आधार उत्कृष्ठ सेवा सम्मान और प्रशंसा चिन्ह जैसे सम्मान से 690 पुलिस अफसर-पुलिसकर्मी नवाजे गए हैं।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए इन्हें मिला सम्मान

उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक पाने वालों में एडीजी पीएसी सुजीत पांडेय, एडीजी जोन गोरखपुर केएसपी कुमार, एडीजी पीटीसी मुरादाबाद अमित चंद्रा, एडीजी जोन लखनऊ पीयूष मोर्डिया, एडीजी अभिसूचना भगवान स्वरूप, उप निरीक्षक (एपी) उदयराम तिवारी और बिंद्रा प्रसाद (सीपी) शामिल हैं। राष्ट्रपति का मेरिटोरियस सर्विस मेडल पाने वालों में आईजी रेंज आजमगढ़ अखिलेश कुमार, आईजी रेंज आगरा दीपक कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ उपेंद्र कुमार अग्रवाल के अलावा पुलिस महकमें के विभिन्न शाखाओं में तैनात 71 एएसपी, पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर, दरोगा, दीवान और सिपाही शामिल हैं।

**कारागार विभाग के 232 अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित :** कारागार विभाग के 232 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस पर प्रशंसा चिन्ह, प्रशस्ति चिन्ह और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डीजी कारागार एसएन साबत द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हीरक प्रशंसा चिन्ह, 33 को स्वर्ण प्रशंसा चिन्ह और 88 को रजत प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। 22 कर्मियों को प्रशस्ति चिन्ह और 64 कर्मियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।


Dr. S. P. Singh
CMO
Dr. Santosh Kumar
ACMO
Dr. Satyendra Kumar
ACMO
Dr. Kk chahal
ACMO
Dr. Sat ya prakash
DTO
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
26 January
HAPPY
Republic Day


CMS DISTT. HOSPITAL
Happy Republic Day
समस्त क्षेत्रवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
Dr. HK MITTRA


HAPPY REPUBLIC DAY
Fair Exports (India)
Pvt. Ltd.
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
Ahmad Nagar Pahari, Tehsil Sadar, Rampur-244901(U.P.)


JNP
JAIHIND NATIONAL PARTY
जयहिंद नेशनल पार्टी
डा. आशीष श्रीवास्तव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
प्रिन्स श्रीवास्तव
अध्यक्ष
चुनाव समिति
M. 9719752500
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं

# हमें मजहब में न बांटों सियासत के पुरोधाओं...

## आकाशवाणी केंद्र में कवियों की रसधार से सराबोर हुए श्रोता, हिंदी हैं हम विषय पर हुआ कवि सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नववर्ष के प्रथम राष्ट्रीय पर्व पर आकाशवाणी रामपुर केंद्र परिसर में गुरुवार दोपहर कवि सम्मेलन में कवियों की रसधार से श्रोता सराबोर हो गए। श्रोताओं ने तालियां बजाकर कवियों की रचनाओं को सराहा।

सम्मेलन का विषय हिंदी हैं हम रहा। इसकी शुरूआत डीआईजी सीआरपीएफ सुभाष चंद्रा, उद्योगपति सुभाष नंदा, समाज सेविका डॉ. शहनाज रहमान, कार्यक्रम प्रमुख राजीव सक्सेना, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक मंदीप कौर, तकनीकी प्रमुख मंतोष विश्वास ने की। वरिष्ठ उद्घोषक असीम सक्सेना ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए कवियों व आगन्तुकों का स्वागत किया। सम्मेलन का संचालन कर रहे डॉ. राहुल अवस्थी को आमंत्रित किया गया।

इस दौरान संजीव मिश्रा ने कहा, भरी हो द्वेष के विष से, उस गागर को छोड़ देंगे हम, दिखा पाए नहीं जो सच तो वह दर्पण तोड़ देंगे हम। इसके बाद मंच पर आए गौरव सक्सेना ने इन पक्तियों पर खूब तालियां बटोरीं। कहा कि खुशनुमा होली, दिवाली और ईद को नमन, आकाश और धरती के सारे चन्नदीदों का नमन। कवि विपिन शर्मा ने अपनी रचना में अजान और नमाज का जिक्र किया। इस देश की संस्कृति को नमन करते हुए कहा, जमीं पर पैर न रहते हवा में झूल जाते हैं। मिले शोहरत जरा-सी तो अहं में फूल जाते हैं।


कवि सम्मेलन में रचना पाठ करते कवि राम शबद चौहान, मंचासीन कवि। ● अमृत विचार

विपिन शर्मा को इन पक्तियों पर खूब वाहवाही मिली। यहां राम सबका है, यहां रहमान सबका है, मैं हिंदू तू मुस्लिम है, मगर सम्मान सबका है। हमें मजहब में न बांटों सियासत के पुरोधाओं, शहीदाने वतन अपना यह हिंदुस्तान सबका है। इनके बाद डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने कहा, आहुति प्राण की दे गए देश हित, उनके बलिदान की लाज रख लीजिए। हंसते-हंसते लगाया गले मृत्यु को, उनके अभिमान की लाज रख लीजिए। राम शबद चौहान ने गजल पेश की। गजल के यह शेर श्रोताओं ने खूब पसंद किए, यह अहसान तेरी नजर पड़ गई है, दवा से भी ज्यादा असर कर गई है। तुम्हें तो दिल से खारिज करें भी तो कैसे, तेरी याद सीने में घर कर गई है।

प्रीति चौधरी ने देश भक्ति गीत में तिरंगे का जिक्र कुछ इस तरह किया, हाथ में लेकर तिरंगा जो वतन के हो गए, ओढ़ आंचल गोद मां की ही लिपट कर सो गए। डॉ. राहुल अवस्थी की रचना की इन पक्तियों को श्रोताओं ने तालियां बजाकर खूब स्वागत किया। कहा कि यूं जीवन जीना आसान नहीं होता, कोई बिन संघर्ष महान नहीं होता। कुलदीप अंगार ने मां भारती के मान में शब्दों को कुछ यूं पिरोया, भारती का मान, स्वाभिमान, अभिमान लिए, तान रंग तिरंगे के जान से भी प्यारे हैं। डॉ. सोनरूपा विशाल ने कहा कि तपस्वनी, मनस्वनी, यशस्वनी, वसुंधरा, नमन नमन मनम, तुझे स्वदेश की परंपरा। कार्यक्रम में सभी कवियों ने खूब वाहवाही लूटी और तालियों से आकाशवाणी परिसर शाम तक गूंजता रहा। इस दौरान पैक्स फेड के पूर्व अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, जिला युवा अधिकारी माहे आलम, मुजफ्फर अली खां, मयंक रस्तोगी, गौरव सक्सेना, हरिओम, विकास माथुर, इरम फातिमा, बेबी अंजुम, फरीदउल्लाह खां, अंकुर सक्सेना, सुरेंद्र यादव, अपर्णा श्रीवास्तव, राना तलअत, अली हैदर व गोपाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में तकनीकी प्रमुख मंतोष विश्वास ने सभी का आभार जताया।


छात्राओं ने चेहरे पर बनाई तिरंगा पेंटिंग। ● अमृत विचार

## छात्राओं ने रजा डिग्री कॉलेज से तहसील तक बनाई मानव श्रृंखला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज सैंजनी नानकार में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने रजा पीजी कॉलेज के तिराहा से नई तहसील तक मानव श्रृंखला बनाई। छात्राओं ने अपने चेहरों पर तिरंगा पेंटिंग बनाकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर ने वोट बनवाने और मतदान करने के लिए लिए प्रेरित किया। मतदाता का महत्व बताया और 18 वर्ष की आयु पूरी कर नए वोटर बने युवाओं से मत का प्रयोग करने के लिए कहा। इस दौरान शिक्षक शरद चंद्र गुप्ता, अदा खान, प्रियंका पाल व मुराद आदि मौजूद रहे।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उत्तर प्रदेश

## शहर में आज

- मदद एक आस फांउडेशन की ओर से जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर 11 बजे।
- गणतंत्र दिवस पर गांधी समाधि पर ध्वजारोहण प्रभारी मंत्री करेंगे सुबह 8 :30 बजे।

## एक नजर

### 10 बजे ज्ञान मंदिर में किया जाएगा ध्वजारोहण

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सक्सेना ने बैठक में बताया कि मिस्टन गंज स्थित ज्ञान मंदिर में ध्वजारोहण सुबह 10 बजे किया जाएगा। बताया कि इसके अलावा पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर चर्चा होगी। इसके लिए तैयारियां कर ली गई हैं।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री छात्रा नंदिनी गुप्ता को किया सम्मानित

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में इंटरमीडिएट की परीक्षा टॉप करने वाली मसवासी की छात्रा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मंत्री रेखा आर्य ने प्रशस्ति पत्र व स्मार्टफोन देकर देहरादून में सम्मानित किया। मसवासी निवासी अवध कुमार गुप्ता की पुत्री नंदिनी गुप्ता ने बाजपुर के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में गत वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉप किया था। कॉलेज की ओर से नंदनी गुप्ता का नाम उत्तराखंड शासन को भेजा गया था। बुधवार को मुख्यमंत्री ने आवास पर बुलाकर नंदिनी को प्रशस्ति पत्र और स्मार्टफोन दिया।


नंदिनी गुप्ता को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मंत्री रेखा आर्य।

## संस्था ने जरूरतमंदों को वितरित कराए कंबल

**रामपुर, अमृत विचार :** हम एकता मंच संस्था की ओर से असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। संस्था के संस्थापक जाहिद खां ने कहा कि गरीब लोगों को चाहिए कि मानव सेवा में बढ़चढ़कर हिस्सा लें। कहा कि हर जरूरत मंद की सेवा करना संस्था का मकसद है। सर्दी को देखते हुए गुरुवार को कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान महबूब जहां, शाकरा खान, निशा बी, इमरान खां आदि रहे।

## सभी ब्लॉक क्षेत्रों में 26 से 31 जनवरी तक निकलेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**रामपुर, अमृत विचार:** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर सभी ब्लॉकों में 26 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जाएगी।



इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी ब्लाकों पर वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारी तय की है। बिलासपुर ब्लॉक में पूर्व विधायक संजय कपूर, चमरौआ ब्लॉक में पूर्व विधायक अफरोज अली खान को प्रभारी बनाया है। सैदनगर ब्लॉक में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मुतीउर्रहमान खां बब्लू, स्वार ब्लॉक में पूर्व प्रदेश महासचिव अरशद अली खान गुड्डू को प्रभारी बनाया।

## दो सगे भाइयों का शांति भंग में किया गया चालान

**स्वार, अमृत विचार:** बंटवारे को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे दो सगे भाइयों का शांति भंग में चालान किया गया है। गुरुवार को कोतवाली के गांव रसूलपुर फरीदपुर निवासी दो सगे भाई शरीफ व फरजंद बटवारे को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों भाइयों को पकड़ कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर शांति भंग में चालान किया है।

गणतंत्र का गौरवगान

विरासत का सम्मान





75 वां गणतंत्र दिवस
(26 जनवरी, 2024)

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की सिद्धि के लिए कृतसंकल्पित है।

सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हम आजादी के अमृतकाल में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने में सफल हुए हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही, उत्तर प्रदेश ने श्रीअयोध्या धाम में श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव एवं समृद्ध विरासत को पुनर्प्रतिष्ठित किया है। यह सत्य एवं शाश्वत कल्याण का वह सनातन मार्ग है, जिस पर हम सभी पूर्ण कर्तव्यबोध के साथ चलकर उन महान बलिदानियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देंगे, जिन्होंने अपने निष्काम समर्पण से हमें 75वां गणतंत्र दिवस मनाने का अवसर दिया है।

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा-जनपद रामपुर
Happy Republic Day
कैलाश बाबू पटेल
जिलाध्यक्ष
आनन्द प्रकाश गुप्ता
जिला मंत्री

26 January RepublicDay
बाबर खान
राष्ट्रीय अध्यक्ष, आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन
असलम खान
जिला अध्यक्ष, आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन
सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

HADI ACADEMY
HADI JR. HIGH SCHOOL
समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ० रमेश गुप्ता
प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल
डॉ० बी० एल० श्रीवास्तव
जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी रामपुर

SAI SENIOR SECONDARY SCHOOL
SCHOOL CODE UP 317
AFFILATED TO ICSE & ISC, NEW DELHI (I TOXII)
AN ENGLISH MEDIUM-EDUCATIONAL SCHOOL
LADORA NARAYANPUR, SHAHBAD ROAD, RAMPUR (U.P.)
HAPPY REPUBLIC DAY
ADMISSION OPEN
Shivansh Saxena
Principal

आप सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा
जय युवा जय भारत
नलिन भैय्या
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा
2018 में प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय युवा प्रेरणा स्रोत सम्मान से सम्मानित

## एक नजर

### आरूष के चयन पर क्रिकेट एसोसिएशन ने जताई खुशी

रामपुर, अमृत विचार : क्रिकेटर आरूष गुप्ता का चयन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-14 स्टेट टीम में होने पर रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने खुशी जताई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि खिलाड़ियों को खेल का बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरूष ने मेहनत से अभ्यास किया और सफलता हासिल की। एसोसिएशन के सचिव बसंत सिंह बघेल ने कहा कि आरूष का चयन हम सभी के लिए गर्व की बात है। संयोजक आलम खान ने बताया कि 26 और 27 जनवरी को भिलाई छत्तीसगढ़ में राज सिंह डूंगरपुर ट्राफी का मैच होगा। इसमें यूपी टीम में आरूष भी प्रतिभाग करेंगे।

### किशोरी को भगा ले जाने में तीसरा आरोपी भी पकड़ा

स्वार, अमृत विचार : किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में 2द दिन बाद पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली के गांव मधुपुरा निवासी युवक कमल सिंह का एक गांव निवासी किशोरी से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। प्रेमी युगल ने फर्जी तरीके से दस्तावेज प्रस्तुत कर कोर्ट मैरिज भी कर ली थी। चार जनवरी को प्रेमी अपनी प्रेमिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने मधुपुरी निवासी कमल सिंह, अक्षय व नवाबनगर निवासी प्रमोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कमल सिंह व प्रमोद को जेल भेज दिया था। गुरुवार सुबह मुखबिर ने कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना दी कि आरोपी प्रमोद भागने की फिराक में नगर के बिलासपुर तिराहे पर सवारी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### दो बच्चों के साथ महिला का अपहरण कर ले गया युवक

सैफनी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में बच्चों सहित महिला का अपहरण कर ले जाने का मामला सामने आया है। पिता का कहना है कि उसकी पुत्री अपने दो बच्चों के साथ उसके घर में काफी दिनों से रह रही थी। पीड़ित ने बताया कि चार दिन पहले उसकी बेटी दो बच्चों के साथ घर से गायब हो गई। उसने उसे रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया। तभी पिता को पता चला कि उसकी पुत्री को पास के ही गांव का एक युवक भाग ले गया है। पिता ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# डिबडिबा गांव में बुजुर्ग की गला काटकर हत्या

## कमरे में पौत्र ने पड़ा देखा शव, रंजिश में कुछ लोगों पर हत्या करने का लगाया आरोप

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)



अमृत विचारः गांव डिबडिबा में बुधवार रात घर में सो रहे बुजुर्ग की हमलावरों ने गला काटकर हत्या कर दी। परिजनों ने कुछ लोगों पर रंजिशन हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना कर घटना का शीघ्र खुलासा करने का निर्देश दिया।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि रूद्र-बिलास पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव डिबडिबा की सेठी कॉलोनी में मुसाफिर साहनी (70) की हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह 7:30 बजे दादा के पास कमरे में पहुंचे उनके पौत्र शंकर साहनी ने खून से लथपथ शव पड़ा देखा। घटना की सूचना के बाद मृतक की पत्नी व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने कुछ लोगों पर बुजुर्ग की गला रेत कर हत्या करने का आरोप लगाया। मुसाफिर पल्लेदारी करते थे।



घटनास्थल के पास मौजूद एसपी राजेश द्विवेदी व अन्य। ● अमृत विचार

### हत्या में शामिल हो सकता है कोई करीबी व्यक्ति

अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतक के कमरे के पीछे वाले स्थान से एडिशनल एसपी ने ईंट से ढकी मिली भारी मात्रा में अवैध शराब भी बरामद की है। एएसपी ने बताया कि मुसाफिर साहनी का खून से लथपथ शव पड़ा मिला था। मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। उधर, ग्रामीणों ने बुजुर्ग की हत्या में किसी करीबी व्यक्ति शामिल होने की आंशका जताई है।

मृतक की पत्नी सुदमया देवी व पौत्र शंकर ने बताया कि मुसाफिर साहनी का कुछ लोगों से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। रात में वह मकान में अकेले सोए थे। पोते के अनुसार, उसकी अपने दादा से रात साढ़े नौ बजे बात हुई थी। देर रात किसी समय हमलावरों ने घटना को अंजाम दिया। उधर, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोकर व कोतवाल बलवान सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। फॉरेंसिक टीम ने नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम परिजनों की ओर से थाने में तहरीर देने की तैयारी की जा रही थी।

# पशुशाला में लगी आग, बुजुर्ग और पशु की जलकर हुई मौत

संवाददाता, टांडा (रामपुर)

गांव खजुआ खेड़ा की घटना, दो पशु झुलसे, चिकित्सक बुलाया

अमृत विचारः क्षेत्र के गांव खजुआ खेड़ा स्थित एक पशुशाला में बुधवार रात आग लगने से 60 वर्षीय ग्रामीण और एक पशु की जलकर मौत हो गई। दो पशु झुलस गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना के बाद एसडीएम अरुण कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार और पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया।

गांव खजुआ खेड़ा निवासी रामभरोसे (60) व उनकी पत्नी बीती रात कच्चे घर में सोए हुए थे। इस में ही पशुशाला भी है। परिवार के अन्य सदस्य कुछ ही दूर दूसरे मकान में रहते हैं। बुजुर्ग दंपति पशुओं की देखरेख के लिए झोपड़ीनुमा पशुशाला में सोते थे। रात में पत्नी पानी गर्म करने के लिए दूसरे मकान में गई थी। इस दौरान पशुशाला में आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख परिजन एवं आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन रामभरोसे और एक पशु की जलकर मौत हो गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। झुलसे हुए पशुओं का चिकित्सक को बुलाकर उपचार कराया गया।

> बीती रात गांव खजुआ खेड़ा में आग लगने से एक बुजुर्ग और पशु की जलकर मौत हो गई। दो पशु झुलस गए। नियमानुसार मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।
>
> -अमित कुमार, नायब तहसीलदार

# चपटा कॉलोनी में तीन साल के बालक को कुत्तों ने किया जख्मी, 12 टांके लगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला चपटा कॉलोनी निवासी इसरार अली का बेटा मुस्तफा (3) बुधवार शाम छह बजे घर के बाहर खेल रहा था। इस बीच खूंखार कुत्तों ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया। आसपास के लोगों ने कुत्तों को भगाकर उसे बचाया। राहगीर और परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

इसरार अली ने बताया कि कॉलोनी में कुत्तों का खौफ बढ़ता जा रहा है। कुत्ते पकड़वाने के लिए सभासद को बताया था। लेकिन सभासद व नगर पालिका परिषद के अधिकारी उदासीनता बरत रहे हैं। बालक के पिता से पालिकाध्यक्ष के पति ने फोन पर बात कर आश्वासन दिया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि मुस्तफा के 12 टांके सर्जन को बुलाकर लगवा दिए हैं। बालक के चेहरे पर गहरा जख्म है। उसकी हालत नाजुक है।



जिला अस्पताल में भर्ती जख्मी मुस्तफा के पास मौजूद स्टाफ। ● अमृत विचार

### हमलावर हो रहे कुत्ते

जिला अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में 8547 लोगों को कुत्तों ने काटकर जख्मी किया है। 2022 में 1236 से अधिक लोगों के एंटी रैबीज इंजेक्शन लगे हैं। वर्ष 2021 में 7353 लोगों को काटा है।

> शहर में कुत्तों को बधयाकरण कराने के लिए पालिका की ओर से ठेका हो गया है। बरेली की टीम कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण करा रही है। कोई लापरवाही बरती जा रही है, तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -दुर्गेश त्रिपाठी, ईओ

### जिला अस्पताल पहुंचकर मासूम का जाना हालचाल

रामपुर, अमृत विचारः आवारा कुत्तों के हमले में जख्मी बालक का राहुल गांधी ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने हालचाल जाना। परिवार को परेशानी होने पर बताने का आश्वासन दिया।

राहुल गांधी ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां, नगराध्यक्ष यासिर शाह खां जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने मासूम बच्चे का हालचाल जाना। इस मौके पर सैयद विक्की मियां ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों का खौफ लगातार बढ़ रहा है कहा कि आवारा कुत्तों की वजह से मजदूर से लेकर स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे तक परेशान है। रात को अंधेरे में कोई मजदूर अपने काम से वापस आता है तो यह आवारा कुत्ते उसे पर भी हमला कर देते हैं। कहा कि पालिका प्रशासन समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। क्षेत्र में अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए।

# फाल्ट होने से पांच घंटे नहीं मिली बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः लोकल फाल्ट के चलते गुरुवार को मोरी गेट और जेल रोड क्षेत्र की पांच घंटे तक बिजली गुल रही। आपूर्ति नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। रात सात बजे आपूर्ति सुचारू हुई।

विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों के अनुसार, सर्दी से बचने के लिए रूम हीटर, ब्लोअर का प्रयोग किया जा रहा है। इससे ट्रांसफार्मर और तारों पर अत्याधिक लोड बढ़ रहा है। लाइनों में फाल्ट हो रहे हैं। गुरुवार दोपहर दो बजे मोरी गेट बिजलीघर का एबीसी केबल जल गया। ड्यूटी पर तैनात एसएसओ सब स्टेशन अधिकारी ने शटडाउन कराया। डूंगरपुर बिजलीघर से जेल रोड की जा रही 11 हजार की लाइन में खराबी आ गई। दोनों क्षेत्रों की बिजली पांच घंटे तक नहीं आने पर उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। रात सात बजे के बाद आपूर्ति सुचारू हुई। अवर अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि लाइन में कुछ खराबी आ गई थी। जिससे सही कराए जाने में थोड़ा समय लग गया। अब सप्लाई नार्मल करा दी गई है।



डूंगरपुर बिजलीघर में जेई से बातचीत करते एक्सईएन, एसडीओ। ● अमृत विचार

### एक्सईएन, एसडीओ पहुंचे डूंगरपुर बिजलीघर

गुरुवार को पांच घंटे बिजली नहीं आने पर बिजलीघर अधिशासी अभियंता प्रथम इमरान खा, एसडीओ प्रद्योमन सिंह पहुंचे। पूछा कि सप्लाई में क्या दिक्कत है। जिस पर जेई ने बताया कि लाइन में खराबी आ गई है। जेई संतोष कुमार को निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली निगम का बकाया है उनकी सूची बनाकर घर- घर जाकर बकाया की अदायगी कराएं। बकाया जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन काटे जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अचानक बिजलीघर पहुंचने पर कर्मचारियों में खलबली मची रही।

दोपहर दो बजे हुई गायब, रात सात बजे के बाद हुई सुचारू

# बिना भेदभाव जनता तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : सांसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

जिला सहकारी बैंक के सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचारः सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता तक बिना भेदभाव पहुंच रहा है।

जिला सहकारी बैंक के सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम में हुआ। इसमें सांसद, सदर विधायक आकाश सक्सेना, सूर्य प्रकाश पाल पूर्व सभापति पैक्सफेड, मोहनलाल सैनी अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रामपुर, मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम शुरु कराया। विधायक ने कहा कि जनपद में प्रदेश का पहला पीएम स्वनिधि गलियारा तैयार किया गया है। इसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न मंचों पर की जाती रही है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले में प्रशासन प्रभावशाली तरीके से अपना कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनता की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक तरीके से किया जा रहा है। सभी स्कूलों का आधुनिकीकरण किया जा चुका है। मिशन कायाकल्प के तहत समस्त स्कूलों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूलकिट का वितरण भी जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया गया। उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने सभी का आभार जताया।



नमो नव मतदाता वर्चुअल संवाद कार्यक्रम सुनते सांसद घनश्याम सिंह लोधी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# देश को विकसित बनाने में युवाओं की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

नमो नव मतदाता संवाद कार्यक्रम में सांसद बोले- युवा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के हैं साथ

अमृत विचारः नमो नव मतदाता संवाद कार्यक्रम में सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। युवा पीढ़ी चुनाव ही नहीं, हर क्षेत्र के कार्यक्रम में बढ़-कर कर प्रतिभाग कर रही है।

विकास खंड चमरौआ के गांव महमूदपुर में गुरुवार दोपहर आयोजित वर्चुअल नमो नवमतदाता कार्यक्रम में युवाओं ने प्रधानमंत्री की बात सुनी। प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में नव मतदाताओं को जोड़ने की अपील की। कहा कि जब देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो युवा मतदाताओं का वोट तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। 25 वर्षों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जगपाल यादव, मंडल अध्यक्ष कुंवर बहादुर, जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रशांत अग्रवाल, अमित ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में युवाओं को किया गया जागरूक

बिलासपुर, अमृत विचारः भाजयुमो द्वारा आयोजित किए गए नमो नव मतदाता कार्यक्रम में नव मतदाताओं को जागरूक किया गया। उनसे वोट बनवाने की अपील की गई। गुरुवार को नगर के श्री गुरू नानक इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख व नगरध्यक्ष चेतन परूथी ने युवाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर अनिल मदान, सौरभ वशिष्ठ, ऋषभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



युवाओं को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख।



संयोजक को चित्र भेंट करते भारतीय कुर्मी महासभा के पदाधिकारी।

# पूर्व जिलाध्यक्ष बने रामपुर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः भारतीय कुर्मी महासभा मुरादाबाद के मंडलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक पहुंचा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश गंगवार को रामपुर लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया।

मंडल महासचिव यशपाल पटेल ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शिवचरन लाल, रामप्रकाश, मुकेश पटेल, सुरेश गंगवार, आशीष गंगवार, भूकन लाल, पुष्पेंद्र गंगवार, मोहर सिंह, राजीव गंगवार, कपिल गंगवार, आनंद पाल, भूकन, सोमपाल सिंह व गौरव गंगवार आदि मौजूद रहे।

मांग

लोग बोले-लगभग 250 से 300 मरीज प्रतिदिन अस्पताल में कराने आते हैं इलाज

# यूनानी अस्पताल को टांडा में स्थापित कराने की मांग

संवाददाता, टांडा

अमृत विचारः गांव पीपली नायक शिफ्ट किए गए राजकीय यूनानी चिकित्सालय को पुनः नगर में स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। लोगों का कहना है कि चार दशक से अधिक समय तक अस्पताल नगर में संचालित रहा। लेकिन बिना किसी उचित कारण अस्पताल को गांव पीपली नायक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया। इससे नगर व आसपास क्षेत्र के लोग सुविधा से वंचित हो गए हैं।

बताया गया कि 1975 में राजकीय यूनानी अस्पताल नगर के मोहल्ला राहूपुरा में अब्दुल गफूर इंजीनियर की दुकानों में किराये पर संचालित हुआ था। वहां डॉक्टर सहित समस्त स्टॉफ की तैनाती के साथ ही अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं। लगभग 250 से 300 मरीज प्रतिदिन अस्पताल पहुंचते थे। अब्दुल गफूर इंजीनियर का मकान क्षतिग्रस्त होने और मकान की नई तामीर के चलते राजकीय यूनानी अस्पताल को वर्ष 1993 में नगर पालिका के जलकल परिसर स्थित दुकानों में शिफ्ट कर दिया गया। कई साल तक अस्पताल वहां संचालित होता रहा। नगर व क्षेत्र के बड़ी संख्या में रोगी उससे लाभान्वित होते रहे।

इतना जरूर हुआ कि अस्पताल में कभी चिकित्सकों की तैनाती नहीं रही तो कभी फार्मासिस्ट का पद रिक्त रहा। कभी ऐसा भी हुआ कि चिकित्सक और फार्मासिस्ट दोनों की नियुक्ति न होने से वार्डब्वाय के सहारे ही अस्पताल चला रहा। नतीजा यह हुआ कि अस्पताल में रोगियों की संख्या कम होने लगी। लगभग पांच वर्ष पूर्व अस्पताल को बिना किसी उचित कारण के नगर से हटाकर दढ़ियाल मार्ग स्थित गांव पीपली नायक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया। जब अस्पताल को शिफ्ट किया जा रहा था उसे समय भी स्थानीय लोगों ने उसका विरोध किया था। लेकिन अस्पताल को पीएचसी में शिफ्ट कर दिया गया। एक बार फिर राजकीय यूनानी अस्पताल की पुनः नगर में स्थापना की मांग जोर पकड़ने लगी है।



> टांडा से हटाकर गांव पीपली नायक स्थित पीएचसी में शिफ्ट किए गए यूनानी अस्पताल को पुन: नगर में स्थापित किए जाने से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचेगा।
>
> - मोहम्मद माज



> एक छोटे से गांव में राजकीय यूनानी अस्पताल को शिफ्ट करना गलत है। टांडा एक बड़ी आबादी वाला नगर है। अस्पताल को दोबारा टांडा में शिफ्ट किया जाना जरूरी है।
>
> - मोहम्मद इकराम, पूर्व सभासद



> टांडा की आबादी 60 हजार से अधिक है। इससे आसपास के सैकड़ों गांव जुड़े हुए हैं। यहां यूनानी अस्पताल की सख्त जरूरत है। यूनानी अस्पताल को पुन: टांडा में स्थापित किया जाए। - मोहम्मद अकील उर्फ बिट्टू



> राजकीय यूनानी अस्पताल को अनुचित रूप से छोटी आबादी वाले गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया। इससे बड़ी आबादी यूनानी उपचार से वंचित रह गई। - मोहम्मद नईम

### उधार के रुपये मांगने पर बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी, दो पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : उधार लिए दो लाख रुपये बुजुर्ग को वापस नहीं करने वाले दो लोगों के खिलाफ कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बुजुर्ग ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी मोहम्मद हनीफ के अनुसार, आरोपी मोहम्म्मद आसिफ उनका परिचित है। दो नवंबर 2022 को आरोपी ने उनसे पांच लाख रुपये उधार लिए थे। जल्द ही लौटाने का वादा किया था। फिर जनवरी 2023 में आरोपी ने उनसे चार लाख रुपये लिए। नौ लाख रुपये मई में लौटाने का वादा किया। पीड़ित उससे अपने रुपये वापस मांगे तो वह टाल रहा था। पांच दिसंबर 2023 को पीड़ित ने रुपये मांगे तो आरोपी ने उनसे कहा कि उनके बैंक खाते में रुपये डाल दिए हैं। जब खाता चेक किया तो पता चला कि खाते में केवल सात लाख रुपये आए हैं। बाकी पैसे मांगने पर आरोपी ने गाली गलौज की।

सात दिसंबर 2023 को राजद्वारे के पास आरोपी ने तमंचा दिखाकर उन्हें रोक लिया। कहा कि अगर पैसे मांगे तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। बाद में पीड़ित थाने चला गया, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिफ और एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# चुनाव बैलेट पेपर से कराने को अधिवक्ता मुखर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर लोकसभा चुनाव में मतदान बैलेट पेपर से कराने की मांग की है।

जल्द ही चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर सकता है। हांलाकि घोषणा से पहले ही हलचल तेज हो गई है। इसे देखते चुनाव इस बार ईवीएम से न कराकर बैलेट पेपर से कराने की मांग उठनी शुरू हो गई। गुरुवार को बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतनाम सिंह मट्टू, नसर अली आदि अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा है। इसमें कहा कि चुनावों में मतदान के समय प्रयोग होने वाली ईवीएम और वीवीपैट मशीनो का प्रयोग बंद किए जाने और बैलेट पेपर से मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग और चुनावी प्रकिया में बैलेट पेपर का प्रयोग किया जाए।


आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# नगर पंचायत शाहबाद सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए निम्न अपील करती है-

गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

- अपने नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।
- पॉलीथीन का प्रयोग न करें। इसके स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करें।
- समस्त व्यापारी अपनी दुकान व प्रतिष्ठान के बाहर नोटिस बोर्ड चस्पा करें कि उनकी दुकान पर पॉलीथिन का प्रयोग नहीं होता है।
- आपके सहयोग से ही पॉलीथीन का प्रयोग बंद हो सकेगा, उपरोक्त अभियान में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें।
- सदैव शौचालय का प्रयोग करें, खुले में मल-मूत्र त्याग भयंकर बीमारियों को पैदा करता है। अतः खुले में शौच न करें।
- नगर पंचायत की दुकानों का किराया व बकाया समय से भुगतान करें।
- कूड़ा-करकट खुले में न डालकर सदैव डस्टबिन का प्रयोग करें। गीला कूड़ा हरे और सूखा कूड़ा नीले कूड़ेदान में ही डाले।

**सुनील कुमार**
उपजिलाधिकारी


**सुम्बुल वसीम**
अध्यक्ष

सौजन्य से-कार्यालय नगर पंचायत, शाहबाद रामपुर




गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं


## सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





**फैजान ख़ान**
चेयरमैन

नगर पंचायत सैफनी, रामपुर



## ग्राम पंचायत वासियों व समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभमकानाएं




# विकास खंड शाहबाद (रामपुर)


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र मांदड
जिलाधिकारी, रामपुर
हिमांशु उपाध्याय
उपजिलाधिकारी, बिलासपुर


Play Group Nursery to V
Nurture
Happy
Republic Day
THE Elementary School
Classes : Ist to Vth
Charu Enclave, Mathkhera Road, Bilaspur (U.P.) For Admission,
Please Contact : 9837086370, 9837085570


संदीप त्यागी
कोतवाल स्वार
अरुण कुमार
सीओ स्वार
गणतंत्र दिवस पर
सभी देशवासियों
को हार्दिक
शुभकामनाएं
अमित कुमार
चौकी प्रभारी मसवासी
कानून व्यवस्था बनाए रखने में
मदद करें, पुलिस का सहयोग करें


उप निबन्धक
कार्यालय
के समस्त स्टाफ
की ओर से नगर व
तहसील वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जुबैदा माजिद खान
उप निबन्धक
उप निबन्धक कार्यालय, तहसील बिलासपुर, रामपुर


आप सभी
क्षेत्रवासियों
को
गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अशोक कुमार शुक्ला
पुलिस अधीक्षक, रामपुर
रवि खोखर
क्षेत्राधिकारी, बिलासपुर
बलवान सिंह
कोतवाल, बिलासपुर


गणतंत्र दिवस पर सभी
क्षेत्रवासियों और ग्रामवासियों
को दिली मुबारकबाद
निवेदक :- साजिद हुसैन अंसारी ग्राम प्रधान खुशहालपुर स्वार


सभी सम्मानित कृषकों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहाँ
उच्च कोटि के
कृषि यंत्र उचित
मूल्य पर
उपलब्ध हैं।
प्रो. शरद मोहन गुप्ता
रोटरी टिलर
गन्ने की बुवाई वाला रोटावेटर
रिवर्सिबल मोल्ड बोर्ड प्लाऊ
बिलासपुर इंडेन गैस सर्विस
तराई एग्रो टैक्नोलॉजीज़
एनएच-74, किच्छा रोड, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर फो0: 9711054704, 9837036585



कार्यालय नगर पंचायत केमरी
जनपद रामपुर (उत्तर प्रदेश)
नगर पंचायत केमरी की ओर से आप सभी नगर व क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
--नगर वासियों से अपील--
1. कोविड-19 वैश्विक महामारी चल रही है जिसमें अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकले बहुत जरूरी कार्य हो तभी घर से बाहर मास्क पहनकर निकलें व शासन के दिशा निर्देशों का पालन करें।
2. नगर को साफ सुथरा बनाये रखने में पालिका को सहयोग प्रदान करें।
3. पालिका के समस्त देयों का भुगतान समय से करें।
4. जल का सदुपयोग करें।
5. प्रतिबन्धित प्लास्टिक, पालीथीन का प्रयोग न करें व अपने आस-पास के लोगों को भी पालीथीन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। पॉलीथीन को प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसमें कैंसर जैसी अन्य घातक बीमारियों के होने की पूर्ण सम्भावना बनी रहती है।
6. दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें, जिससे आवागमन में अवरूद्ध उत्पन्न न हो तथा शासन की मंसा के अनुरूप पालिका द्वारा निर्धारित नोन वेण्डिंग जोन में ठेला, वाहन आदि खड़ा न करें।
7. खुले में शौच न जाये, शौचालय का प्रयोग करें।
8. सभी त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनायें।
(रफत जहां)
अध्यक्ष
नगर पंचायत केमरी
जनपद-रामपुर
(अंसार अहमद)
अध्यक्ष पति
नगर पंचायत केमरी
जनपद- रामपुर
(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केमरी
जनपद-रामपुर


सुनील गुप्ता
अध्यक्ष
सुनील जैन बॉबी
कोषाध्यक्ष
विनोद जैन
महामंत्री
समस्त क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से :- तराई खाद्य व्यापार संघ बिलासपुर (रामपुर)


गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों
भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों
को हार्दिक शुभकामनाएं
दीप चंद्र गोयल
जिला सहकारी बैंक
डायरेक्टर मसवासी
पवन कुमार
अध्यक्ष स्वार ग्रामीण मंडल भाजपा
चेयरमैन बी पैक्स रहमतगंज
निवेदक :- पवन कुमार अध्यक्ष स्वार ग्रामीण मंडल भाजपा व अध्यक्ष बी पैक्स रहमतगंज


लेखपाल संघ, बिलासपुर
की ओर से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
यशपाल चौधरी
अध्यक्ष
बबलू गंगवार
महामंत्री


समस्त क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
निश्चय कुमार
तहसीलदार, बिलासपुर




# धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस

## रंग बिरंगी की झालरों से सजाए गए सरकारी कार्यालय, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

संवाददाता, मिलक रामपुर

**अमृत विचारः** गणतंत्र दिवस पर तहसील मुख्यालय के सभी कार्यलयों को सजाया गया। गुरुवार को नगर के हाईवे स्थित सरकारी अस्पताल, तहसील, ब्लॉक कोतवाली आदि परिसरों को रंग बिरंगी बिजली की झालरों, गुब्बारों व झंडों से सजाया गया। नगर स्थित सरकारी कार्यलयों ने लोगों को आकर्षित किया। शुक्रवार को सभी कार्यालयों में अधिकारी ध्वजारोहण करेंगे। नगर के हाईवे स्थित कोतवाली परिसर को हाइवे तक रंग-बिरंगी लाइटें व गुब्बारों से सजाया गया। इस दौरान पूरा कोतवाली परिसर रंग बिरंगे प्रकाश से नहा गया।

उधर, रामपुर में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी पूर्ण हो गई है। सरकारी कार्यालय को ही जगमग झालरों से सजा दिए गए। राष्ट्रीय पर्व की पूर्व संध्या पर कार्यालयों को सजाने का कार्य दिन भर किया जाता रहा। जिसमें गांधी समाधि, सीएमओ कार्यालय, जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, विकास भवन के अलावा तहसील भवन भी जगमग झालरों से सजाए जा रहे है। जिले के सरकारी व निजी स्कूलों में भी आज विविध आयोजन होंगे।


गुब्बारों व रंग बिरंगी लाइटों से सजी मिलक कोतवाली। ● अमृत विचार

गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों की ओर से विभिन्न कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। कई दिनों से गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है, लेकिन पूर्व संध्या पर गुरूवार को नजारा कुछ और ही था।

जिला विद्यालय निरीक्षक और बीएसए दफ्तर पर सजावट की गई। 26 जनवरी को शहर में स्कूली बच्चों द्वारा प्रातः सात बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह नौ बजे गांधी समाधि पर ध्वजारोहण होगा। इसके बाद देशभक्ति पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसको लेकर दिनभर नगर पालिका परिषद की ओर से शहर की सड़कों पर साफ-सफाई का कार्य किया गया। जिसका जायजा अधिशासी अधिकारी ने लिया। ईओ ने सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस पर विशेष तौर से साफ-सफाई का ध्यान रख जाए।

## हत्या मामले में सजा काट रहे दो कैदी आज होंगे रिहा

**बरेली, अमृत विचार :** नरसंहार व पड़ोसी की हत्या मामले में सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दो कैदी अब खुली हवा में सांस ले सकेंगे। गणतंत्र दिवस पर रिहा करने के लिए जेल प्रशासन की ओर से भेजी गई 33 कैदियों की सूची में मुरादाबाद के गांव लालूवाल निवासी झाऊ उर्फ जहूर हसन और बरेली के नेकपुर गल्ला मंडी के राजू मौर्य उर्फ राजू के नाम को शासन ने स्वीकृति दी है। जेल प्रशासन ने केंद्रीय कारागार से 26 और केंद्रीय कारागार दो से सात अच्छे चाल चलन वाले कैदियों का नाम गणतंत्र दिवस पर रिहाई के लिए डीएम को भेजा था।

## 15 बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद गेट क्षेत्र के चार लाख के 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। गुरुवार को एसडीओ तृतीय विनय कुमार के निर्देशानुसार, जेई अलोक तिवारी ने चेकिंग की। शाहबाद गेट, थाना कुंडा, ईस्ट वेस्ट स्कूल, मोहल्ला खटकान में बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए।

# सर्दी से बचाव को जलाए अलाव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सर्दी के मद्देनजर 21 दिसंबर से सिंह सेवक जत्था की ओर से रेलवे स्टेशन पर फ्री चाय का स्टाल एवं रेलवे स्टेशन के बाहर व माल गोदाम चौराहा एवं दुर्गा मंदिर के सामने वाली गली पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

सुबह रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंद एवं गरीबों को चाय एवं नाश्ते का वितरण किया जा रहा है। 24 जनवरी की रात्रि में सिंह सेवक जत्था के प्रधान दर्शन सिंह खुराना के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन एवं माल गोदाम चौराहा आदि स्थानों पर अलाव जलाए गए। इसके अलावा गुरुवार की सुबह पांच बजे से सात बजे तक रेलवे स्टेशन के परिसर में चाय का स्टॉल प्रतिदिन की तरह लगाया गया। दर्शन सिंह खुराना ने बताया कि जब तक सर्दी अधिक पड़ती रहेगी तब तक रात्रि में अलाव जलाए जाने की सेवा नियमित रूप से होती रहेगी। चाय की सेवा रेलवे स्टेशन पर 40 दिन तक नियमित रूप से चलती रहेगी। जत्था द्वारा गरीबों एवं जरूरतमंदों को शाल व कंबल भी बांटे जा रहे हैं। इस अवसर पर सेवाओं में जत्था के प्रधान दर्शन सिंह खुराना, गुरचरण सिंह आहूजा, महेंद्र सिंह होरा, गुरवचन सिंह, संतोक सिंह, तरनदीप सिंह ग्रोवर आदि रहे।


अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार












सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टाः सर्वादीक्षा राज धर्मेषु योक्ता।
सर्वाविद्या राज धर्मेषु युक्ताः सर्वे लोकाः राजधर्मेषु प्रतिष्ठाः।।

राजधर्म में सारे त्यागों का दर्शन होता है। राजधर्म में सारी दीक्षाओं का प्रतिपादन होता है। राजधर्म में संपूर्ण विद्याएं निहित होती हैं और राजधर्म में सारे लोकों का समावेश होता है।

## संपादकीय

# आत्मनिरीक्षण का मौका

गणतंत्र दिवस सिर्फ एक आयोजन भर नहीं बल्कि आत्मनिरीक्षण का मौका है। यह दिन हमारी प्रगति का जायजा लेने और उभरती चुनौतियों के क्षितिज को मापने का अनोखा अवसर प्रदान करता है। साथ ही भारत की यात्रा, पहचान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उत्सव है जो इसकी विविध आबादी को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने का दिन है जिसमें राष्ट्र प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो। गणतंत्र ने एक अरब और 40 करोड़ भारतीय जिसमें से अधिकांश विचार एवं आशा से भरे-पड़े हैं, के लिए ऊर्जा को उजागर करने का मौका दिया है। इस यात्रा में हमारे गणतंत्र की चमक दिनों दिन बढ़ती गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था को कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। किसानों की बेहतरी लिए सरकार ही नहीं, विपक्ष भी चिंतित है और खेती को फायदेमंद बनाने के रास्ते खोजे जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। इस बार परेड में पहली बार महिलाओं के त्रि-सेवा दल को भी कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए देखा जाएगा। हमने पिछले 75 वर्षों में पर्याप्त दूरी तय कर ली है, लेकिन संघर्ष के दिन समाप्त नहीं हुए हैं। पाकिस्तान आतंकवादियों को शरणस्थली प्रदान करता आ रहा है। आने वाले वर्षों में इस पड़ोसी की शत्रुता को बेअसर करना भारत के लिए प्रमुख चुनौती रहेगा। दरअसल चुनौतियां हमेशा बनी रहती हैं, इसीलिए कहा गया है कि सतत जागरुकता ही स्वतंत्रता की गारंटी है।

राष्ट्रीय दिवस हमें यही याद दिलाने के लिए आते हैं तो गणतंत्र दिवस इस संकल्प का अवसर है कि हमारे संविधान ने जो रास्ता तय किया, उसे सुरक्षित रखने और उस पर आगे बढ़ने के लिए हम सतत सतर्क रहेंगे। गणतंत्र दिवस पर फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष इमैनुएल मैक्रों का आना हमारे लिए अपने सफर को जांचने का खास अवसर है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की यात्रा प्रतीकात्मकता से भरी होती है। यह भारत और आमंत्रित राष्ट्र के बीच संबंधों को बनाने और नवीनीकृत करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती है। इस प्रकार इसका राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व भी अधिक है। विश्व में भारत की पहचान आज एक सक्षम और मजबूत जनतांत्रिक देश की है। भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधुनातन स्थिति में है। यही वजह है कि दुनिया हमारी ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। यह हमारे विकास व विस्तार की मजबूती का प्रतिफल है। हमारी कई सफलताओं से दुनिया चकित है। इसके बावजूद यह निश्चिंत होकर बैठने का वक्त नहीं है।

# भारत के संविधान की आत्मा है सत्य




डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें, करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था, भाव समष्टि का था, चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था।

गणतंत्र दिवस दलगत-भावना से ऊपर उठकर आज राष्ट्र के संबंध में ईमानदारी से सोचने का दिवस है। संसद का न चल पाना, वहां हुड़दंग होना संसद सदस्यों की देश के प्रति निष्ठा और योग्यता पर संदेह पैदा करता है। वे नेता के प्रति वफादार हैं, पर क्या देश के प्रति भी वफादार हैं? बड़ा कौन है? देश या टिकट देने वाला नेता? या चुनावी कोष देने वाला थैलीशाह? थैलीशाहों का महत्व बढ़ जाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक होगा? निर्वाचन आयोग की संस्तुतियों पर ध्यान नहीं दिया जाना क्या प्रमाणित करता है? बहुत से सरकारी और विधायी कार्यों के प्रति बार-बार उच्चतम या उच्च न्यायालयों में जाना और उन न्यायालयों का हस्तक्षेप करना सरकार और संसद या विधानसभा सदस्यों के कर्तव्य के प्रति शंका पैदा नहीं करता?

यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा सत्य है। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया, सत्य का अहिंसात्मक-आग्रह, सविनय-अवज्ञा आंदोलन चलाया। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्मनिरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें, करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था, भाव समष्टि का था, चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था। आज का सर्वोपरि धर्मग्रंथ संविधान है, उसके भाव को जागरित करिए, बजाय इसके कि आप भारतीय संस्कृति के आकर ग्रंथों की आलोचना और निंदा करें अच्छा तो यह हो कि आप लोकतंत्र के जीवन मूल्यों को आधार बनाकर ऐसा ग्रंथ लिख सकें जो लोकजीवन में मान्य हो। व्यर्थ के विवाद से तो आप उन्हीं निहित स्वार्थ की मदद कर रहे हैं। लोकजीवन की गहराई में जाकर ही आप लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं।




संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं।

संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं। विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजनसत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जनसत्ता है। व्यक्ति और लोक का संबंध ऐसा है, जैसे क्षण और युग का संबंध। क्षण से युग का अस्तित्व है, क्योंकि युग क्षण से ही अभिव्यक्त होता है, किंतु क्षण युग में व्याप्त है, वह युग से विच्छिन्न नहीं है। इसी बात को महर्षि पतंजलि ने महाभाष्य में एक सूत्र में परिभाषित किया है-अभ्यन्तरोऽहं लोके न त्वहं लोकः। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में सूत्र दिया-शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। गीता ने कहा-लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि।

भारत के संविधान पर लोक संस्कृति और लोक चेतना के प्रभाव को लेकर कुछ अध्ययन मैंने भी किया है। पहली बात तो यह है कि भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय-आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाह कर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था, लेकिन तेलंगाना के रहने वाले एक शोध विद्वान का विषय है-धर्मशास्त्र की परंपरा और भारत का संविधान।

यों सीधे-सीधे धर्मशास्त्र पढ़कर तो भारत के संविधान की रचना हुई नहीं थी और न ऐसा संभव ही था, किंतु संविधान-सभा के सदस्य भारत के ही लोग थे। भारत के सांस्कृतिक-परिवेश में ही जनमे और पले थे, उनका मन तो अन्ततः भारतीय मन था। इसलिए धर्मशास्त्र की परंपरा का प्रभाव उन पर किसी न किसी रूप में तो होगा ही। संविधान सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू थे और उन्होंने संविधान के संदर्भ में एक बार नहीं बार-बार महात्मा गांधी के विचारों का संदर्भ दिया था। समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, नीति निर्देशक तत्व और लोक कल्याणकारी राज्य जैसी कितनी ही बातें हैं, जो लोकोन्मुखी हैं।

राजेन्द्र बाबू स्वयं भारतीयता में रगे-पगे थे। खैर तो उन शोधविद्वान ने संप्रभुता की बात चलाई। संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य। संप्रभुता का स्रोत कहां है? क्या संप्रभुता का वह स्रोत राजा के मुकुट में है? या सेना में है? क्या वह स्रोत अस्त्र-शस्त्र तलवार और भौतिक-शक्ति में है जिससे जनता को डराकर अथवा आतंकित करके शासन किया जाएगा? एक जमाना था, जब दीवालों पर यह वाक्य लिखा हुआ दिख जाता था कि क्रांति बंदूक की गोली में से निकलती है। माओवादी अभी भी कुछ इस प्रकार से सोचते हैं और तालिबान भी आतंक को अपना हथियार बनाकर सत्ता के केन्द्र में दाखिल हो चुके हैं। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपापूर्वक दे दिया था? क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था? क्या संविधान-सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था?

वास्तव में लोकतंत्र लोकजीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता, लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं। देशी हों या विदेशी क्रूर राजाओं, आक्रांताओं, दस्युओं जमींदारों ने क्या कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोकजीवन लोकसंस्कृति, लोक-आस्था-लोक विश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्य बल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है।

कोई भी संविधान एक ढांचा ही तो होता है, शरीर! उसमें प्राण प्रतिष्ठा तो लोकचेतना के द्वारा ही होती है। लोकचेतना का कोई विकल्प नहीं है। रैलियां स्वांग हैं, प्रदर्शन और प्रायोजित हैं। लोकचेतना प्रायोजित नहीं होती। वह स्वतः स्फूर्त झरने की तरह झरती है, नदी की तरह बहती है, समुद्र की तरह उफनती है और वक्त आने पर ज्वालामुखी की तरह उबल पड़ती है। देश के लोकतंत्र की कठिनाइयों और बाधाओं का समाधान लोकजीवन की अंतर्वर्ती शक्तियां ही कर सकती हैं। नान्यः पन्थः विद्यते ऽयनाय।

## व्यंग्य

# बड़ी गहरी है ये हीनता

पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

जब अमिताभ बच्चन ने अपने डूबते हुए दौर के बाद केबीसी में वापसी की, तो उन्होंने वहां शुद्ध हिंदी बोलना शुरू किया। उसके पहले आप अमिताभ बच्चन के पुराने इंटरव्यू देख लीजिए, वो आपको वही भाषा बोलते दिखेंगे जिसे फिल्म इंडस्ट्री में बोला जाता था। जिसे लोग उर्दू की जगह अब 'हिन्दवी' कहने लगे हैं। जब अमिताभ ने शुद्ध हिंदी में बोलना शुरू किया और 'नमस्कार' को ही प्राथमिकता दी तो उर्दू भाषी लोगों में बड़ी बेचैनी होने लगी।

मैं अपने आसपास का अनुभव आपको बताऊं तो लोग कहते थे कि 'देख रहे हो अमिताभवा को, कितना तास्सुबी (कम्यूनल) होता जा रहा है। कितनी नफरत भरी जा रही है कि अब शुद्ध हिंदी में ही बात करता है। ये जान बूझकर ऐसा कर रहा है, अंदर से ये आरएसएस का आदमी है'। दुनियाभर की उलटी सीधी बात लोग अमिताभ बच्चन को सिर्फ इसलिए बोलते थे, क्योंकि उन्होंने उर्दू छोड़कर शुद्ध हिंदी में बात करना शुरू कर दिया था। शुद्ध हिंदी में बात करना मतलब नफरती होना। इतनी छोटी छोटी बातों से हिंदू को कम्यूनल और नफरती घोषित किया जाता है। लता मंगेशकर जब नौशाद के पास गाने के लिए गईं तो नौशाद ने उन्हें भगा दिया, ये बोलकर कि तुम्हारे उर्दू का उच्चारण ठीक नहीं है, जाओ उर्दू सीखकर आओ। फिर लता जी ने तीन साल उर्दू सीखी और फिर गाना शुरू किया।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

ब्राह्मण परिवार से आई लता जी जिनके पिता और परिवार मंदिरों में भजन गाते थे वो भारत में काम पाने के लिए उर्दू सीख रही थीं और ये सब बहुत अच्छा और सेकुलर था। उर्दू में लिखे गाने अगर लता जी संस्कृत में गाए होते तो भी उतने ही मधुर होते। बस एक माहौल ऐसा तैयार किया गया अपना अधिपत्य जमाने ले लिए कि उर्दू में गाना और उर्दू में बोलना ही अच्छा और बेहतरीन है। क्या अंग्रेजी के गानों में मिठास नहीं होती है? क्या फ्रेंच शायरी में भावनाएं नहीं होती हैं? फिर यहां ऐसा माहौल क्यों बनाया गया कि हिंदी में वो मिठास नहीं है, जो उर्दू में है? नहीं है, क्योंकि नास्तिक होकर भी जावेद अख्तर साहब आपको मुगलों की बनाई भाषा की मिठास समझाएंगे और हिंदी को कमतर बताएंगे। पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

ये मामला इतना आगे बढ़ गया कि हिंदू स्वयं को हीन दृष्टि से देखने लगा। वो हिंदी बोलने में शर्माने लगा और ये प्रयास करने लगा कि उसकी भाषा में अधिक से अधिक उर्दू के शब्द इस्तेमाल हों ताकि लोग उसे समझदार और काबिल समझें, ये हीनता बड़ी गहरी है। इसलिए जो भी आजकल ये कहे कि हमें तो राम-राम या जय सियाराम कहने वाले हिंदू पसंद थे। वो गंगा जमुनी तहजीब वाले हिंदू पसंद थे तो समझ जाइए कि ये व्यक्ति हिंदुओं को "वेजिटेबल" देखना चाहता है। ये यही चाहते हैं कि हिंदू हिंदी छोड़कर उर्दू बोले, ताकि वर्चस्व, दबदबा और रियासत कायम रहे। ये वो लोग हैं, जो पाकिस्तान नहीं गए, मगर यहां वो नया पाकिस्तानी वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं।

उर्दू का उदाहरण तो बहुत छोटा सा उदाहरण है, जो मैंने दिया। दरअसल ये बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक खेल है, मगर घबराइए मत, ये सब धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। वो दौर शुरू हो चुका है।

# बिहार में भाजपा का मास्टर स्ट्रोक



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती से ठीक एक दिन पूर्व उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की गई। केंद्र के इस निर्णय के बाद बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल तेज हो गई। कर्पूरी ठाकुर बिहार की अति पिछड़ी जाति नाई से ताल्लुक रखते थे। बिहार में अति पिछड़ी जातियां सबसे बड़ा जातीय समूह है।

बीते साल 2 अक्टूबर को बिहार सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक बिहार की कुल आबादी करीब 13 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक संख्या अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। ये राज्य की आबादी के करीब 36 फीसदी हैं। इसके बाद दूसरी सबसे बड़ी आबादी पिछड़ा वर्ग की है, जो राज्य में 27.12 प्रतिशत हैं। कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक व विरोधी दल के नेता रहे। उनका निधन 1988 में हुआ। उनकी मौत के 36 साल बाद उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जा रहा है। वे बिहार से चौथे व्यक्ति हैं, जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

मनमोहन सरकार के 10 साल के कार्यकाल (2004-2014) में केवल तीन लोगों को भारत रत्न दिया गया। इनमें पंडित भीमसेन जोशी (2008), सचिन तेंदुलकर (2014) और सीएनआर राव (2014) रहे। वहीं मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में छह शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए पीएम मोदी का आभार भी जताया और कांग्रेस पर सवाल उठाए। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। लालू और नीतीश दोनों कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी से कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर राज्यसभा सांसद हैं। बिहार के ओबीसी वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा अब तक लालू यादव और नीतीश कुमार की पार्टियों के ही साथ रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने के निर्णय को वोट बैंक में सेंध लगाने के रूप में भी देखा जा रहा है। पुरस्कार दिए जाने को दो मकसद से जोड़ा जा सकता है। पहला कर्पूरी ठाकुर की सियासी धरोहर को भाजपा अपनी ओर ला सके। दूसरा भाजपा नीतीश कुमार को अपने साथ फिर जोड़ लेने का द्वार खोल दे। एक बात और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर मोदी सरकार ने राजद और जदयू की राजनीति पर जोरदार हमला करने की कोशिश भी की है। भाजपा जानती है कि लोकसभा चुनाव में यदि बिहार में बड़ी जीत हासिल करनी है तो पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करना ही होगा। कर्पूरी ठाकुर सरकार में रहे हों या विपक्ष में, हमेशा सादगी में जीवन जीते रहे। आम जनता की समस्याओं को अपनी समस्या माना। आम जनता की समस्याओं के निदान के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक चलने को तत्पर रहते थे। वे पूंजी के खेल के सख्त खिलाफ रहे। राजनीति में तीन 'सी' के विरोध में वे अक्सर बोलते थे। तीन 'सी' यानी कैश, कास्ट और क्राइम। वे सरकारों के पूंजीवादी चरित्र के भी मुखर विरोधी थे। बिहार में सबसे पहले कर्पूरी ठाकुर ने ही मुंगेरीलाल कमीशन के सुझाव पर सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक रूप से पिछड़े समुदाय को शैक्षणिक और सरकारी नौकरी में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। आरक्षण फार्मूला बहुत चर्चित रहा। लाख टके की बात यह भी कि कर्पूरी का सूत्र आरक्षण का फार्मूला नहीं था। वह नैतिक राजनीति और सामाजिक क्रांति का फार्मूला था। वह अन्याय के विरुद्ध लोहा लेने का फार्मूला था। वह सोए वतन को जगाने के लिए खुद को मिटाने वाले दीवानों का फार्मूला था। महत्वपूर्ण यह है कि क्या हम उनके फार्मूले पर चल पाए?

खैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई। 48 घंटे के भीतर पहले कमंडल और फिर मंडल के दांव से क्या पीएम मोदी ने बिहार की राजनीति में बड़ा खेल कर दिया है? इसकी चर्चा व विश्लेषण सभी अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सियासी मास्टर स्ट्रोक तो मार ही दिया है।

## सोशल फोरम

# विचार करना होगा

यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे।

जब उल्लास मन स्थिरता की तरफ बढ़ जाए, जब उत्साह चरम पर पहुंचकर लौटने लगे, जब खुशियां बाहर से अंदर की तरफ यात्रा करने लगें। तब विचारना जरूर की हम में राम कितने हैं या हम में राम हैं भी कि नहीं।

विचारना होगा कि कितनी शबरियों को हमने अछूत नहीं रहने दिया, विचारना कितने निषाद हमारे घर में बैठकर साथ में चाय पी रहें हैं। विचारना यह भी कि आदिवासियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हमने कुछ किया भी है कि नहीं, विचारना कि हम अपने भाई-भतीजों के प्रति कितने प्रेम से भरे हैं। हमको विचारना चाहिए कि हमारी कुंठाएं, ईर्ष्याएं और नफरतों को हमने नीचे स्टेज पर ला दिया है कि नहीं या हमने मिले हुए मौके पर सोने की लंका उसके उत्तराधिकारी को दी कि स्वयं राजा बनकर बैठ गए।




आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज
बरेली।

हमें विचारना होगा कि हमने कितने साथियों को धोखा देना बंद कर दिया या हमने अपने धर्म की आध्यात्मिकता के लिए क्या किया? साथ ही यह भी विचारना कि सनातन के लिए हमने कितनी वाहियात आधुनिकता को तिलांजलि दी है। हम में यदि राम तत्व का अभाव है तो क्या हम लक्ष्मण भरत शत्रुघन जैसे भी थोड़े बहुत हैं भी कि नहीं। रामायण में वर्णित राम जो निकले थे शोषित, दमितों के जीवन आततातियों से बचाने को हमने कितने लोगों का शोषण बंद कर दिया। हमको विचार करना होगा कि स्वयं की अर्धांगनी को छोड़कर हम कितनी महिलाओं, बेटियों को मां, बहिन और बेटी की नजर से देख पा रहे हैं।

यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे। क्योंकि मंदिर में बैठाने से पहले रामजी को मन के मंदिर में बैठाना जरूरी था, है और रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# संविधान और सनातन धर्म



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा ग्रहण किया गया और अगली यानी 1950 की 26 जनवरी से प्रवृत्त हो गया। इसमें शुरू से ही "पंथ निरपेक्षता" का सिद्धांत संरक्षित था, जिसे 1976 में 42 वें संशोधन द्वारा इंदिरा गांधी ने 'धर्म निरपेक्षता' में परिवर्तित कर दिया। हालांकि इस प्रावधान का अक्षरशः पालन कभी नहीं हुआ और बहुत कुछ कागजी होकर ही रह गया। संविधान की मूल प्रति पर चित्रकार नंदलाल बोस ने चित्र बनाए थे जिनकी भेंट पं. जवाहरलाल नेहरू से शांति निकेतन में हुई थी। तभी उन्हें यह काम सौंप दिया गया। उन्हें इस काम के लिए 21 हजार रुपये पारिश्रमिक भी दिया गया था।

इसके 'मूल अधिकार' वाले भाग के मुख पृष्ठ पर राम, लक्ष्मण, हनुमान के चित्र हैं। लंका विजय के उपरांत वे, धनुष बाण लिए, सीता जी को ले जाते उकेरे गए हैं। नीति निर्देशक सिद्धांत वाले भाग में गीता का उपदेश देते हुए कृष्ण भगवान का चित्र अंकित है। पांचवें भाग में हिंदुओं के नवें अवतार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ बैठे दिखाए गए हैं तथा 12 वें भाग में नटराज का चित्र है, जो शिव जी मान्य हैं। इसके तेरहवें भाग में शेषनाग, भगीरथ की तपस्या और गंगावतरण व अन्य देवी देवतावों के चित्र विद्यमान हैं। इन चित्रों को संविधान की प्रति में अंकन के बारे में गरमा गरम बहस भी हुई थी। यह बात उठाई गई कि इन धार्मिक चित्रों को दर्शाने पर संविधान पंथ निरपेक्ष कैसे रहेगा? तब बहुमत ने इस आपत्ति को यह कहकर निरस्त कर दिया कि 'ये ऊपर के चित्र हैं, संविधान के अंदर के प्रावधान नहीं हैं'। जो भी हो इससे संविधान निर्माताओं का सनातन किंवा हिंदू धर्म की ओर शुरुआत से ही झुकाव होना तो स्पष्ट ही होता है। यही नहीं, आजादी प्राप्त होने की रात्रि को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर हवन हो रहा था। मालूम हो कि राजेन्द्र बाबू नेहरू मंत्रिमंडल में काबीना मंत्री रहे। फिर संविधान सभा के अध्यक्ष बने और संविधान अंगीकार हो जाने पर भारत के पहले राष्ट्रपति हुए। वे जब प्रयाग में संगम स्नान करने गए, तब राष्ट्रपति रहते वहां के पुरोहितों के पैर भी छुए थे। यहां यह रेखांकित करना जरूरी है कि संविधान सभा द्वारा इसे ग्रहण करते ही 22 दिसंबर 1949 को अयोध्या की बाबरी मस्जिद में रामलला का श्रीविग्रह रख दिया गया था, जिसे प्रकट होना कहा गया। फिर अखंड राम नाम कीर्तन चलने लगा और दर्शन पूजन शुरू हो गया।

अतः यह कहना कि 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या लाए गए, गलत और एक तरफा प्रचार है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के फौरन बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के नव निर्माण की बात उठाई, जिसे गांधी जी ने सराहा और यह कार्य प्रारंभ हो गया तथा यह प्रसिद्ध शिव मंदिर, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है, 1950 में बनकर तैयार हो गया। पटेल साहब इस निर्माण कार्य से अंत तक जुड़े रहे। अतः हम यह पाते हैं कि संवैधानिक व्यवस्थाओं के किसी भी रूप में रहते हुए, राष्ट्रीय सोच और झुकाव सनातनी ही रहा और सरकारी कार्यारंभों में नारियल ही फोड़े गए।

# स्वाध्याय के अभाव का दुष्परिणाम



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की गई है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह है कि कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के छात्र अथवा छात्रा का नामांकन नहीं करेगा। आज के परिदृश्य पर गौर किया जाए तो हम पाएंगे कि शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप पूर्णतया परिवर्तित हो चुका है।

आज शिक्षा के साथ व्यवसाय की भावना का पूर्णतया समावेश हो चुका है। चाहे विद्यालय हों अथवा महाविद्यालय अथवा कोचिंग संस्थान, सबके सब व्यवसाय को प्राथमिकता मानकर ही कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से उनका कोई विशेष सरोकार नहीं रह गया है। कोचिंग संस्थानों के अस्तित्व में आने के पीछे जो महत्वपूर्ण कारण है वह है- विद्यार्थियों की अकर्मण्यता। आज की स्थिति यह है कि विद्यार्थी अपने लिए पका पकाया भोजन चाहता है और उसकी यह उम्मीद रहती है कि खाने का निवाला भी उसके मुंह में कोई दूसरा ही पहुंचाए। कहा गया है-'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे वन माहि'। यही हाल आजकल के विद्यार्थी का हो चुका है। सफलता का मूल मंत्र है, परिश्रम के साथ स्वाध्याय, किंतु इसे भूलकर छात्र व छात्राएं एक ऐसी अंधी दौड़ में जुटे हुए हैं जिसमें यह पता ही नहीं है कि कहां तक दौड़ना है और परिणाम क्या मिलेगा? प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे का शैक्षिक स्तर परखे बिना ही उसे आईआईटी जैसे संस्थानों अथवा आईएएस जैसी परीक्षाओं के योग्य मानकर उसे कोचिंग संस्थानों में दाखिला दिला देता है। कोचिंग संस्थानों के प्रतिकूल परिवेश एवं अभिभावक की अपेक्षाओं का दबाव परस्पर विपरीत दिशाओं में आरोपित होकर विद्यार्थी को अवसादग्रस्त कर देते हैं। नतीजतन वह सफलता के मार्ग से भटक जाता है। वहीं कुछ विद्यार्थी आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर विवश हो जाते हैं।

यदि सभी दिशानिर्देश पूर्ण सख्ती के साथ लागू हो जाते हैं तो निश्चित ही कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा एवं विद्यार्थियों के द्वारा उठाए जाने वाले गंभीर कदम व उनके मन मस्तिष्क में पनप रहे दबावों पर रोक लगाई जा सकेगी। अंततः सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि स्वाध्याय के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करने की ठान ली जाए, तो किसी तरह के कोचिंग संस्थान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## एक नजर

### लूट के मामले में आरोपी को छह साल की सजा

**रामपुर,अमृत विचार :** लूट करने के मामले में सीजेएम कोर्ट ने आरोपी को छह साल दस माह की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये जुर्माना डाला है। मामला बिलासपुर थाने से जुड़ा है। जिला ऊधम सिंह नगर के रहने वाले तौफीक के खिलाफ लूटपाट का मुकदमा 26 जून 2016 को दर्ज हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने विवेचना के बाद चीर्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसमें गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को छह साल दस माह की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### ऑनलाइन ठगी की कोशिश

**रामपुर, अमृत विचार :** फर्जी इंस्पेक्टर बनकर फोन करके एक व्यक्ति से उसके बेटे को बेटी के साथ पकड़े जाने की बात कहकर उससे 70 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने पुणे में रह रहे बेटे से बात की तो पता चला कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। गुरुवार को शहर के जेल रोड स्थित मोहल्ला घेर मीर बाज खां निवासी शिवराज सागर ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। जहां उसने बताया कि वह सदर थाने से इंस्पेक्टर बोल रहा है। उनके पुत्र को पुलिस ने एक युवती के साथ पकड़ लिया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मौला अली ने इस्लाम को बचाने में खर्च की जिंदगी

## इमामबाड़ा में सजी महफिल में पेश किए कलाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इमामबाड़ा किला में गुरुवार रात हजरत अली की यौमे विलादत पर महफिल में शायरों ने कलाम पेश किए। गुरुवार को दिन में मौला अली की यौमे पैदाइश की खुशी में सबील लगाई गई। लोगों को मिठाई बांटी गई।

इमामबाड़ा में महफिल का आगाज मौलाना जमां बाकरी ने तिलावते कुरआन से किया। उन्होंने कहा कि 13 रजब को हजरत अली का जन्म हुआ, जो रसूले के चचाजात भाई हैं और उनके दामाद भी हैं। हजरत अली ने अपनी पूरी जिंदगी दीन-ए-इस्लाम को बचाने के लिए खर्च कर दी। महफिल में अख्तर सिरसिवी, अजीज आजमी बनारसी समेत स्थानीय शायरों ने भी अपने कलाम से मौला की खिदमत में नजराना एक अकीदत पेश किया। महफिल की निजामत फरहान नसीराबादी ने की। मौलाना जमान बाकरी ने महफिल की सदारत की। इस दौरान असलम महमूद, अकबर अली रिजवी, शाजेब उल्ला खां, सैय्यद जहीर मोहसिन, फरमान हैदर आदि मौजूद रहे। उधर, हजर अली की यौमे विलादत पर हामिद गेट और किला पूर्वी गेट पर मौलाना जमान बाकरी और मौलाना अली मोहम्मद नकवी समेत लोगों ने मिठाइयां बांटी और सबील लगाकर लोगों को चाय वितरित की।

इस मौके पर मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि हजरत अली शेर खुदा की यौमे पैदाइश पर अर्श से लेकर फर्श तक खुशियां मनाई जाती हैं।



महफिल में मौजूद उलमा, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### मौलागढ़ में विकास कार्यों में धांधली की होगी जांच

**मसवासी, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ के विकास कार्यों में धांधली को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नलकूप खंड को 29 जनवरी को सार्वजनिक तौर पर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

मौलागढ़ के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच अधिशासी अभियंता नलकूप खंड को सौंपी थी। 21 जनवरी को गांव में ही जांच करने के निर्देश दिए थे। लेकिन किसी कारणवश जांच नहीं की गई। जिलाधिकारी ने इस मामले में 29 जनवरी को गांव के पंचायत भवन में जांच करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ताओं को भी अभिलेखों के साथ मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम प्रधान के खिलाफ लामबंद ग्रामीणों को जांच के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत की गई है। ग्राम प्रधान के खिलाफ जांच को लेकर स्थानीय स्तर के ब्लाक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कई अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी समेत ग्राम प्रधान को बचाने में लगे हैं।

# आज किसान निकालेंगे ट्रैक्टर परेड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भाकियू (टिकैत) ने गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड निकालने की घोषणा की है। यूपी और उत्तराखंड प्रभारियों ने तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड रुट का चयन किया। भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

भाकियू हाईकमान ने 26 जनवरी को जिला, तहसील और ब्लाक मुख्यालयों पर ट्रैक्टर परेड निकालने का ऐलान किया है। इसकी तैयारी कई दिन से की जा रही है। यूपी और उत्तराखंड प्रभारी बलजिंदर सिंह मान ने गुरुवार को प्रदेश कैंप कार्यालय में तैयारियों की समीक्षा की। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद से तहसील और ब्लॉकवार जानकारी ली। प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी रामपुर आ रहे हैं। वह सबसे पहले कैंप कार्यालय पर तिरंगा फराएंगे। प्रेस वार्ता के बाद डिबडिबा में शहीद नवरीत सिंह के आवास पहुंचेंगे। बिलासपुर से निकलने वाली ट्रैक्टर परेड भी डिबडिबा तक पहुंचेगी। शहीद दिवस पर नवरीत को श्रद्धांजलि देंगे। कहा कि केंद्र सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। इसलिए आंदोलन की फिर जरूरत पड़ेगी। 16 फरवरी को किसान हड़ताल रहेगी। कोई भी किसान खेतों में काम नहीं करेगा। 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत होगी। इस मौके पर सैदनगर के पूर्व ब्लाकाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह, मोहम्मद तालिब, तौहीद अहमद, मुस्तकीम, सलमान, मोहम्मद फरमान, नल सिंह यादव, रामगोपाल, जुबैद आलम, तौकीर अहमद, हर किशन सिंह, मित्रपाल सिंह भी थे।



कैंप कार्यालय में समीक्षा बैठक में मौजूद प्रभारी बलजिंदर सिंह मान।

▸▸ राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत होंगे शामिल, बैठक में तैयारी की गई समीक्षा

### मतदाता कार्यक्रम में युवाओं ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संवाद

**मिलक, अमृत विचार:** भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल मिलक ने गुरुवार को नमो नव मतदाता कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कराया। इस दौरान युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संवाद सुना। जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पांडे ने युवाओं से कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का प्रयोग करना हम सबका अधिकार है। हमें जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाना आवश्यक है। आज देश युवा ऊर्जा और जोश के साथ विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। सुरेश गंगवार, पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार, डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा, डॉ. राजकुमार महेश्वरी, प्रधानाचार्य आनंदपाल, रामबहदुर गंगवार,नरेंद्र सिंह गंगवार, पंकज चौधरी आदि रहे।

### साधु संतों के शामिल होने पर जताया आभार

**रामपुर,अमृत विचार:** राष्ट्रीय संचालक दीप लव ने कहा कि श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के शामिल होने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में वाल्मीकि समाज के प्रतिष्ठित साधु संतों को रामलाला के प्राण प्रतिष्ठा समागम में आमंत्रित कर समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। वाल्मीकि समाज के प्रति प्रेम स्नेह एवं सम्मान है कि पिछले दिनों उन्होंने अयोध्या में भगवान वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण करवाया। आज देश के इतने बड़े समागम प्राण प्रतिष्ठा में वाल्मीकि समुदाय के साधु संतों को सम्मान देना समुदाय की बहुत बड़ी उपलब्धि है। समाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के साथ ही भगवान वाल्मीकि का आश्रम भी बनवाना चाहिए।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ फिर गैर जमानती वारंट जारी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के केस दर्ज हैं।इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई चल रही है। गुरुवार को जयाप्रदा फिर से कोर्ट में पेश नहीं हो सकीं। जिसके बाद कोर्ट ने फिर से एनबीडब्ल्यू जारी कर दिए हैं।



बताते चलें कि पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में पिछली कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं, जिस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पिछले दिनों अदालत ने सख्ती करते हुए जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे। गुरुवार को भी जयाप्रदा कोर्ट में पेश नही हो सकी। जिसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ फिर से गैर जमानती वारंट जारी कर दिए है।हांलाकि उनके अधिवक्ता असगर अली ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर वांरट खारिज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया,जिसको खारिज कर दिया है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि जयाप्रदा के पेश नहीं होने के कारण उनको फिर से गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि पुलिस जयाप्रदा गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करे।

# पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करेंगे मंत्री

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली परेड की सलामी सहकारिता विभाग के स्वंतत्र प्रभार जेपीएस राठौर लेंगे। इसके अलावा वही पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करेंगे। जिसको लेकर अधिकारियों ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

रिजर्व पुलिस लाइन में आज परेड होगी। जिसमें पिछले कई दिन से पुलिस लाइन में अभ्यास चल रहा था। उसी के चलते बुधवार को परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक राजेश द्ववेदी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया था। शुक्रवार को पुलिस लाइन में ध्वारोहण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। जिसमे राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग के जेपीएस राठौर हिस्सा लेंगे, उसके बाद ध्वजारोहण करेंगे। उसी के चलते गुरुवार शाम को पुलिस अधीक्षक,एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड के दृष्टिगत पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड व चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।



पुलिस लाइन में गुरुवार रात व्यवस्थाओं का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक।

### सभी थानों में होगा ध्वजारोहण

शुक्रवार को जिले भर में गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। जिसमे सभी स्कूल कालेजों और अन्य स्थानों पर कार्यक्रम होंगे ।इसके अलावा जिले भर के सभी थानों और चौकियों में झंडा फहराया जाएगा। जिसको लेकर पिछले कई दिनों से थाने एवं चौकियों में सफाईव्यवस्था का कार्यक्रम चल रहा था।

## सार संक्षेप



प्रमाण पत्र दिखाते मौजूद बीएलओ। ● अमृत विचार

### उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ सम्मानित

बिलासपुर, **अमृत विचार :** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के उत्कृष्ट कार्य करने पर दस बीएलओ को सम्मानित किया गया है। इसके अलावा एसडीएम,तहसीलदार व बीआरसी सहित एक बीएलओ को जिला स्तर पर सम्मानित किए गए हैं। गुरुवार दोपहर हाईवे स्थित सर्व संस्कृति स्कूल में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मतदाता पुनरीक्षण के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस बीएलओ को तहसीलदार निश्चय कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय तहसीलदार निश्चय कुमार व बीआरसी रोहित सक्सेना सहित एक बीएलओ को जिला स्तर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में सीडीओ नंद किशोर कलाल व एडीएम हेम सिंह ने सम्मानित किया।

### विधायक को ज्ञापन देकर बताई जीएसटी की समस्या

**रामपुर, अमृत विचार :** टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए राजकुमार अग्रवाल ने जीएसटी से संबंधित ज्ञापन शहर विधायक आकाश सक्सेना को सौंपा। इसमें जीएसटी कानून में व्याप्त तकनीकी कमियों को दर्शाया गया है। साथ ही उनमें सुधार के लिए सुझाव भी दिए हैं। विधायक ने आश्वासन दिया कि यह ज्ञापन उचित माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से 25 फरवरी को एक जीएसटी की सेमिनार आयोजित की जा रही है। इसके दूसरे टेक्निकल सेशन के मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना होंगे।



ज्ञापन देते एसोसिएशन के अध्यक्ष।



रैली को रवाना करते एसडीएम सुनील कुमार। ● अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को शाहबाद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम सुनील कुमार ने झंडी दिखाकर रैली रवाना की। इसके बाद रैली में शामिल विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए बड़ौदा बैंक, स्टेट बैंक शाखा, नगर पंचायत, बजरंग चौक, कोतवाली और रामपुर चौराहा से शाहबाद तहसील पहुंचे।

लौटकर रैली ढकिया चौराहे से होती हुई चंदौसी चौराहे से होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। इस दौरान बच्चों ने मतदाताओं ने प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जीजीआईसी प्रधानाचार्य वंदना शर्मा, आरके कानूनगो संजीव कंबोज ,नजमत अली आदि मौजूद रहे।

### ताला तोड़कर नकदी और आभूषण चोरी

**मिलक, अमृत विचार:** घर का ताला तोड़कर चोर अलमारी में रखी नकदी व सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के तिराह गांव निवासी संजय शर्मा ने तहरीर में बताया कि उसने ढाई लाख का टेंपो बेचा था। यह रकम और सोने-चांदी के जेवर उसके कमरे में रखी अलमारी में रखे हुए थे। 18 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ किसी काम से अपनी ससुराल गया था। 21 जनवरी को जब वह घर लौटा तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे ढाई लाख रुपये व सोने चांदी के कीमती जेवरात गायब थे। आरोप लगाया कि टेंपो बेचने की रकम व जेवरात अलमारी में रखे होने की सूचना उसके चचेरे भाई व गांव के दो अन्य लोगों को थी। उसे आशंका है, उसके घर आने वाले कुछ लोगों ने चोरी की है।

# सरकारी जमीन पर खड़े घरों को गिराने की कार्रवाई शुरू

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** आईजीआरएस पर शिकायत के बाद सरकारी जमीन पर खड़े मकान गिराने की कार्रवाई शुरू हो गई है। हलका लेखपाल ने इन पर राजस्व संहिता की धारा-67 की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत नोटिस जारी कर मुकदमा पूरा होने पर ये मकान गिराए जा सकते हैं। हालांकि बेघर होने की आशंकाओं के चलते कुछ लोगों को इसमें रियायत भी मिल सकती है।

मामला विकास खंड के गांव गदमर पट्टी का है। गांव निवासी दीनानाथ ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। आरोप है कि गांव में प्रधान समेत कई लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकानों का निर्माण कर लिया था। लेखपाल ने जांच की तो शिकायत सही मिली थी। इसके बाद धारा-67 की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत तहसीलदार कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। हलका लेखपाल के अनुसार, जिस गाटा संख्या की शिकायत की गई है, उसमें चार मकान हैं। जबकि अन्य गाटा संख्याओं को मिलाकर 57 मकान हैं। कार्रवाई को लेकर लोगों में डर का माहौल है।

> गदमर पट्टी में सरकारी जमीन पर मकान बने होने की शिकायत सही है, लेकिन शासनादेश के अनुसार, किसी को बेघर नहीं किया जा सकता। मामले में लेखपाल को निर्देशित किया गया है कि वह सर्वे करें। इसके पास एक से अधिक मकान होंगे, उनके खिलाफ ही कार्रवाई होगी। -सुनील कुमार, एसडीएम

### भट्ठा स्वामियों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी तेज

**शाहबाद, अमृत विचार:** प्रदूषण फैलाने में फंसे भट्ठा स्वामियों को जुर्माना न भरना भारी पड़ गया। इस मामले में उनके खिलाफ संपत्ति कुर्क की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसडीएम ने लेखपालों से भट्ठा स्वामियों की संपत्ति का ब्यौरा मांगा है।

शाहबाद के 12 ईंट भट्ठा स्वामियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। इसमें शाहबाद के भी 12 ईंट भट्ठे शामिल हैं। इन ईंट भट्ठों पर साढ़े आठ करोड़ रुपये से भी ज्यादा का जुर्माना है। जुर्माना अदा नहीं होने तक ये भट्ठे संचालित नहीं होंगे। लेकिन एक भट्ठा पर्यावरण विभाग की टीम को चलता मिला, जिसे सीज कर दिया गया। अधिकरण की सख्ती के बाद प्रशासन ने जुर्माने की रिकवरी के लिए शिकंजा कसना शुरू कर दिया। कुछ दिन पहले बैठक कर जुर्माना अदा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन किसी ने जुर्माना अदा नहीं किया। एसडीएम ने संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी।



प्रमाण पत्र दिखाते प्रशिक्षार्थियों के साथ अतिथि।

### प्रशिक्षण के समापन पर वितरित किए प्रमाण पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त रोजगार मंशाराम यादव ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान जो भी कुछ सीखा है उसे अपने जीवन में शामिल करें। डीडीएम नाबार्ड के डीके मिश्रा ने कहा कि अपने विशेष गुण का प्रयोग करके आगे बढ़ें। बाजार की जरूरत के अनुसार अपने उत्पाद को तैयार करें जिस उत्पाद की ज्यादा मांग है उसे अधिक मात्रा में तैयार करें। एलडीएम एमएम प्रसाद ने कहा कि हमें फास्ट फूड के काम में सफाई पर विशेष ध्यान देना है। प्रशिक्षण के माध्यम से फास्ट फूड के साथ बाजार प्रबंधन, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल व बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई।

### गांधी कॉलेज की टीम ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

**रामपुर, अमृत विचार :** शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गांधी इंटर कॉलेज और शाहबाद की हिम्मतपुर टीम के बीच खेला गया। इसमें गांधी कॉलेज की टीम ने 15-4 व 15-9 अंकों के अंतर से जीत दर्ज ट्राफी पर कब्जा किया। वालीबॉल में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। ओलंपियन राजेंद्र कुमार रावत ने प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया। विजयी छात्रों को 26 जनवरी को पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी गदाधर बारीकी, युवा कल्याण अधिकारी जय सिंह, उपक्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, तुषार कुमार शर्मा, डॉ. अनुप सिंह, मोहम्मद फहीम, विजय कुमार, करन सांमत राय आदि मौजूद रहे।

### कोहरे में वाहनों की रफ्तार रही धीमी

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार सुबह कोहरे के बीच हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। चालकों को वाहनों की हेडलाइटें जलाकर गुजरना पड़ा। हांलाकि दोपहर बाद धूप निकली तो लोगों को सर्दी से राहत मिली। जनवरी के अंतिम सप्ताह में सर्दी का सितम जारी है। लेकिन दो दिन से धूप भी खिल रही है। गुरुवार सुबह 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव तापते नजर आए। शाम होते ही फिर सर्दी बढ़ गई। बाजारों और गली मोहल्लों में भी लोग जरूरी कामों से निकले। उधर, सर्दी की वजह से लोग वाहनों में सफर करने से बच रहे हैं। रोडवेज की बसें और डग्गामार वाहनों को सवारियां कम मिल रही हैं। हालांकि धूप निकलने पर डग्गामार वाहनों से लोग स्वार, टांडा, मूंढापांडे, दलपतपुर तक सफर करते रहे। उधर, कोहरे के चलते ट्रेनें भी कई-कई घंटे देरी से चलीं। इसके चलते यात्री ट्रेनें आने का इंतजार करते रहे। गुरुवार को सियालदह जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन करीब आधे घंटे देर से पहुंची। शहीद एक्सप्रेस काफी दिनों से रद चल रही है।

**कार्यक्रम** मतदाता जागरूकता रैली से स्कूल-कॉलेजों के छात्रा-छात्राओं ने किया प्रेरित, ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में सीख सकते हैं वोट डालने का तरीका

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान करना अनिवार्य : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने कहा कि जिले में व्यापक स्तर पर मतदाताओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों के साथ प्रत्येक तहसील में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र भी बनाए गए हैं। जहां पहुंचकर आमजन ईवीएम से मतदान करने के तरीकों को समझ सकते हैं। इसके बाद उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली विभिन्न मार्गों से होते गांधी समाधि पहुंची।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जनपद में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार सुबह 10:30 बजे किला परिसर से गांधी समाधि स्थल तक आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में स्कूली बच्चे बैंड और नारे लगाते चल रहे थे। रैली में जैन इंटर कॉलेज, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, राजकीय रजा इंटर कॉलेज राजकीय हामिद इंटर कॉलेज, राजकीय बाकर इंटर कॉलेज, नेहरू नगर पालिका इंटर कॉलेज, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज समेत कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। रैली जच्चा-बच्चा सेंटर, मिस्टन गंज, राजद्वारा, नवाब गेट होते हुए गांधी समाधि पहुंची। इस दौरान यहां जाम लग गया। जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



गुब्बारे उड़ाकर रैली का आरंभ करते सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल व अन्य।




मतदाता जागरूकता रैली में शामिल में छात्र। ● अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ ने दिलाई शपथ

कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट कर्मियों और आमजनों को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं में व्यापक जन जागरूकता लाने, ईवीएम की बारीकियां को समझाने के लिए तीन एलइडी वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलइडी वैन के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपीएटी से मतदान की खूबियां और तरीकों के बारे में व्यापक जन जागरूकता लाई जाएगी। इस दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिना बताए गया किशोर दर्ज कराई गुमशुदगी

**संभल अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी मुशाहिद का 17 वर्षीय बेटा कामिल बुधवार को दोपहर परिजनों को बिना बताए कहीं चला गया। शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन रातभर कामिल की आसपास व रिश्तेदारी में तलाश करते रहे। फिर भी कामिल का कहीं पता नहीं चला। गुरुवार को परिजन कोतवाली पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई।

### बस की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

**संभल अमृत विचार** : कैला देवी थाना क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार मां बेटा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लू सराय निवासी श्याम सिंह की पत्नी मालती गुरुवार को बेटे तरुण के साथ बाइक से अमरोहा जिले के गांव ढबारसी जा रही थी। कैला देवी थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे के पास खिरनी में पीछे से रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मालती और तरुण गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मारपीट के चार आरोपियों को तीन वर्ष का कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार** : न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट संभल स्थित चन्दौसी ने मुकदमा अपराध संख्या 65/2013 के अंतर्गत धारा 147, 232, 324, 325, 452, 504, 506 आईपीसी व 3(1)10एससीएसटी एक्ट थाना गुन्नौर जनपद संभल के नामजद भूप सिंह, छोटे पुत्र गण राजाराम, सीमा पत्नी भूप सिंह, नन्हीं पत्नी छोटे निवासी ताहरपुर थाना गुन्नौर को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास व प्रत्येक को 5250 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

### अवैध शस्त्र के आरोपी को सजा सुनाई

**चन्दौसी, अमृत विचार** : न्यायालय एसीजेएम संभल स्थित चन्दौसी ने मुकदमा अपराध संख्या 244/2008 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल में नामजद आरोपी पप्पू पुत्र छुट्टन निवासी गांव लक्ष्मनपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि 2 दिवस के कारावास व 1500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# टेंपो से गिरकर कक्षा छह के छात्र की मौत

## बहन को उसकी ससुराल पहुंचाने जा रहा था

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

▸▸ झटका लगने पर टेंपो से नीचे गिरा किशोर, मचा कोहराम

**अमृत विचार** :असमोली थाना क्षेत्र में बहन को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा कक्षा छह के छात्र की टेंपो की खिड़की से सड़क पर गिरकर मौत हो गई। परिजनों के कानूनी कार्रवाई से इनकार पर पुलिस ने छात्र का शव उन्हें सौंप दिया। परिजन शव लेकर चले गए।



थाना क्षेत्र के गांव मालपुर निवासी मोमिन का 13 वर्षीय बेटा अमान थाना क्षेत्र के गांव पैंतिया माफी के निजी स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। अमान गुरुवार को शाम चार बजे बहन अफसाना को ससुराल पहुंचाने गांव टांडा कोठी के लिए चला। अफसाना को टेंपो में बैठा दिया जबकि अमान खिड़की पर खड़ा होकर सफर करने लगा। असमोली लोधीपुर मार्ग पर गांव मुबारकपुर बंद के पास स्थित गैस एजेंसी के नजदीक झटका लगने से अमान संतुलन खो बैठा और टेंपो से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

टेंपो रोककर चालक अमान को निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए ले गया। जहां डॉक्टर ने अमान को मृत घोषित कर दिया। अमान की मौत के बाद चालक टेंपो लेकर भाग गया।

मौके पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

## मंदिर परिसर में मिलीं जानवरों की हड्डियां

**चन्दौसी, अमृत विचार:** थाना बनियाठेर की नगर पंचायत नरौली के मोहल्ला बंजारी कुआ के निकट एक गली में सैनी समाज द्वारा बनाया गया शिव मंदिर है।

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर की सफाई आदि की गई। तब से मंदिर परिसर में रोजाना सफाई व पूजा की जा रही है। गुरुवार को कमल सैनी, दीपक कश्यप आदि मंदिर पहुंचे तो सफाई के दौरान यहां जानवरों की हड्डियां मिलीं। कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और हड्डियों को गड्ढे में दबा दिया।

### महफिल ए मिलाद में जुटे लोग

**संभल/ओबरी अमृत विचार** : असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी में गुरुवार को हजरत मौला अली की यौमे पैदाइश के मौके पर इमामबाड़े में महफिल सजाई गईं। घर-घर मौला अली के नाम की फातेहा हुई। महफिल ए मिलाद में मौला अली की हयाते जिंदगी का जिक्र किया गया। महफिल ए मिलाद के बाद तबर्रुक का वितरण किया गया।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बदायूं धीमरपुरा कांड के हमलावरों पर कार्रवाई हो

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बदायूं जनपद के ग्राम धीमरपूरा कांड को लेकर ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा और हमलावरों व दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई व पीड़ित परिवार को सुरक्षा और मुआवजे की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि 22 जनवरी को जब पूरा हिंदू समाज राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशियों में सराबोर था। तब जनपद बदायूं के गांव धीमरपुरा का एक मात्र ब्राह्मण परिवार भी खुशियां मना रहा था। तभी गांव के ही समाजवादी मानसिकता के कुछ लोगों ने कार्यक्रम का विरोध करते हुए ब्राह्मण परिवार पर हमला बोल दिया। हमले में पूरे परिवार बुरी तरह से पीट-पीट कर घायल कर दिया। हमले में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हमलावरों ने महिलाओं व बच्चों को भी नहीं बख्शा।

# सड़क पर पड़े दस रुपये के नोट को लेकर दो पक्ष भिड़े

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया, बाद में हो गया समझौता

**अमृत विचार:** सड़क पर पड़े दस रुपये उठाने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। बाद कुछ लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता कराकर मामला रफा-दफा करा दिया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी सुमित पुत्र मुनीश ठाकुर किसी कार्य से बड़ा बाजार स्थित सुपर मार्केट आ रहा था। जब युवक बड़ा हलवाई स्थित बद्रीनाथ मंदिर के पास पहुंचा तो चाय की दुकान के बाहर सड़क पर दस का नोट पड़ा था। जिसे युवक ने उठा लिया। तभी चाय दुकान स्वामी ने दस रुपये का नोट अपना बताया। तब युवक ने कहा कि यह नोट न मेरा है, न तुम्हारा है, भगवान के मंदिर पर दानपात्र में डाल देते हैं। इसी बात पर चाय दुकान स्वामी व उसके परिचितों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। युवक ने भी अपने साथी बुला लिए। जम कर मारपीट हुई।

### घर में घुसकर गाली गलौज, फेंकी ईंटें

**संभल अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र के गांव गैलुआ निवासी पुष्पेंद्र की पत्नी प्रियंका ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गांव के ही एक व्यक्ति ने बुधवार को उसके प्लाट में रखी लकड़ी चोरी कर ली थी। जिसकी शिकायत प्रियंका ने व्यक्ति के भाइयों से की थी। आरोप है कि कुछ देर बाद तीनों भाई प्रियंका के घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। प्रियंका और पुष्पेंद्र ने खुद को कमरे में बंद कर जान बचाई।

# वाहन चोर गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार** :कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से ट्रैक्टर, चोरी की दो ट्राली, बड़ी संख्या में पीतल के बर्तन, तमंचा और चाकू बरामद किया है।

कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उपनिरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बुधवार देर शाम गांव कुहेरा के पास तिराहे पर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार तीन लोगों को रोका।

लोग ट्रैक्टर से उतर कर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी जुनावई थाना क्षेत्र के गांव धनीपुर निवासी दुर्वेश उर्फ मनीष व आमोद उर्फ प्रमोद उर्फ लुक्का और जुनावई थाना क्षेत्र के गांव बसीटा निवासी संजू उर्फ पिंटू हैं। इनकी तलाशी में तमंचा और चाकू मिले। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने ट्रैक्टर के साथ जुड़ी ट्राली को गांव हरगोविंदपुर से चोरी करना स्वीकार किया जबकि चोरों की निशानदेही पर दूसरी ट्राली बरामद की जो सैंजना मुस्लिम से चोरी हुई थी। चोरों ने बताया कि गैंग ने कुछ दिन पहले हरगोविंदपुर गांव में बंद पड़े दो घरों का ताला तोड़ कर बर्तनों पर हाथ साफ कर लिया था। चोरों की निशानदेही पर 23 बर्तन भी बरामद किए। कोतवाल ने बताया कि तीनों आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को मोटर व्हीकल एक्ट में सीज किया है।



गिरफ्तार किए गए वाहन चोर गिरोह के लोग। ● अमृत विचार

▸▸ दो ट्राली, पीतल के बर्तन, तमंचा और चाकू बरामद

# नए मतदाताओं से मतदान करने की अपील

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से जनपद संभल के प्रत्येक विधानसभा में दो स्थानों पर नमो मतदाता सम्मेलन हुए। जिनमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। नए मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई।

सरायतरीन में राधा कृष्ण सैनी धर्मशाला में आयोजित नमो मतदाता सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा राजेश सिंघल रहे। असमोली विधानसभा के सौंधन में श्री जीसुखराम इंटर कॉलेज में आयोजित हुए नमो मतदाता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नए मतदाताओं से संवाद कर 2024 के लक्ष्य की पूर्ति के लिए मतदान का आह्वान किया। इस दौरान शिखर गोयल, सोनू चाहल, सौरभ गुप्ताआदि रहे।



भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी का संबोधन

**बहजोई, अमृत विचार** : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना।भारतीय जनता पार्टी के नव मतदाता सम्मेलन में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि बहजोई के पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए मार्गदर्शन के तहत नए मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि नव मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने मताधिकार के बारे में जानकारी दी जाए। इस दौरान जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक आधार रस्तोगी, वैभव शंकर, शिवम ठाकरे आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस तय करेगी यूपी में किसे कितनी सीट दी जायेंगी

**संभल, अमृत विचार:** कांग्रेस नेता व संत आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा पिछले कुछ दिनों से पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए तीखे बयान दिये जाने के बाद अब कांग्रेस ने उन पर पलटवार किया है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने कहा है कि आचार्य प्रमोद के पास पार्टी में कोई पद नहीं है।

गुरुवार को संभल में कांग्रेस पार्टी की बैठक में शामिल हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सचिन चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन में उत्तर प्रदेश की कितनी सीट किसे दी जायेंगी यह समाजवादी पार्टी नहीं बल्कि कांग्रेस तय करेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत गठबंधन के साथ चुनाव में उतरकर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से बाहर करने की तैयारी कर रही है। इसी मंशा से बसपा अध्यक्ष मायावती के साथ भी कांग्रेस संपर्क में है।

# ब्यूटी पार्लर में आग से हजारों रुपए का सामान जलकर नष्ट

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार** :गुन्नौर के मुहल्ला जुलेपुरा में संचालित ब्यूटी पार्लर में बुधवार को रात आग लग गई। आग से हजारों रुपये का सामान जल कर नष्ट हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई। आग लगने के कारण स्पष्ट पता नहीं हो सका। ब्यूटी पार्लर संचालिका ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

मुहल्ला जमुना निवासी मधु पत्नी हरिशंकर की मुहल्ला जुलेपुरा में ब्यूटी पार्लर और कॉस्मेटिक सामान की दुकान है।

रोजाना की तरह बुधवार रात मधु ब्यूटी पार्लर बंद करके अपने घर चली गई। आधी रात के बाद करीब ढाई बजे दुकान से धुआं उठता देख आस पास के लोगों ने शोर मचाया। लोगों की सूचना पर परिजनों संग ब्यूटी पार्लर संचालिका मधु भी पहुंच गई। किसी तरह दुकान का शटर का ताला खोला तो आग की लपटें उठती दिखी। लोगों ने बमुश्किल आग बुझाई। आग से दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जल गया। ब्यूटी पार्लर संचालिका ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।



आग में जला सामान। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मताधिकार का प्रयोग करने पर दिया जोर

**संभल अमृत विचार** : जिला संघर्ष समिति की गांव गैलुआ में हुई बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर चर्चा की गई। अच्छी सरकार के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों से मतदान करने की अपील की गई। चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हमें अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। जिन लोगों के वोट नहीं बने हैं, वह जरूर बनवा लें। प्रधान शीला देवी ने कहा कि वंचित लोगों के वोट जरूर बनवाने चाहिए। जिससे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। डॉ.मुहम्मद नाजिम ने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। इस दौरान महावीर सिंह, सफदर अली अल्वी, खिलेंद्र चाहल, यादराम सिंह, दीपांशु चाहल, सोमदत्त शर्मा, मनोज कुमार आदि रहे।

### पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**बबराला, अमृत विचार** :कड़ी सर्दी और घने कोहरे के बीच गुरुवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पौष पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाई। गंगा तट पर हर हर गंगे के जयघोष गूंजता रहा। पौष पूर्णिमा स्नान के साथ ही माघ मास कल्पवास का शुभारंभ हो गया। गुरुवार को राजघाट गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में भोर से ही डुबकी लगाना शुरू किया। गंगा स्नान करने का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। हर-हर गंगे के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। लोगों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाते हुए मनौती मांगी। साधु-संतों को दान दिया। साधु मढ़ी आश्रम में यम, नियम के साथ कल्पवासियों ने एक माह तक चलने वाले कल्पवास का शुभारंभ कर दिया। बताया गया कि शुक्रवार भोर से नगर में माघ मास भजन संकीर्तन, प्रभात फेरी का शुभारंभ होगा।



तकरीर करते मौलाना मीसाम अब्बास। ● अमृत विचार

### मौला अली के फजाइल किए बयां, हुई नजरो नियाज

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** :सिरसी में हजरत अली डे धूमधाम से मनाया गया। दिनभर जगह-जगह महफिल का आयोजन हुआ तो नजरो नियाज का सिलसिला चलता रहा।मौला अली की विलादत खाना ए काबा में हुई थी। उसी याद में सिरसी के मुहल्ला शर्की स्थित मस्जिद मुहल्ला सादात में बुधवार को देर रात डॉ. शोजाब की ओर से महफिल शुरू की गई। जिसमें हदीस ए किसा की तिलावत मौलाना मुनव्वर रजा ने पढ़ी। नाते पाक शरफ मुरसलीन ने पढ़ी। नाते पाक के बाद तरही महफिल का आगाज हुआ। जिसमें शायरों ने शेर पेश करके वाहवाही लूटी। दूसरी तरफ एक मीनार मस्जिद में भी महफिल हुई। इमाम बारगाह गर्बी में केक काट कर मौला अली की विलादत की खुशी मनाई गई। गुरुवार को रात इमाम बारगाह मासूम अली में महफिल हुई। इमाम बारगाह और मस्जिदों में उलेमाओं ने मौला अली के फजाइल बयां किए। इससे पूर्व दिनभर जगह जगह पर नजरो नियाज का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान अजीम, दानिश, अली हैदर, जरीफ हसनैन, काशिफ, अरशद, शमीम हैदर, नकी, सबा सिरसीवी, असद अब्बास, अजमल, फैजी आदि रहे।

### अली डे पर निकला जुलूस, लोगों ने दी मुबारकबाद

**संभल, अमृत विचार** :अली डे के मौके पर नगर के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय से जुलूस निकाला गया। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर अली डे की मुबारकबाद दी। वहीं घरों में ईद जैसा माहौल रहा। नियाज और लंगर का आयोजन हुआ। मुहल्ला मंडी किशनदास सराय में अली डे यानी हजरत अली अलै. का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जुलूस की शुरूआत इमाम बारगाह अंसारियान से हुई। जुलूस में बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की। जुलूस हुसैनी रोड होता हुआ दरगाह शाह अली मुत्तकी रह.पर पहुंचा। वहां से वारसी चौक और हुसैन चौक होता हुआ जुलूस फिर इमाम बारगाह अंसारियान पर जाकर रुका। जहां लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर अली डे की मुबारकबाद पेश की। यहां मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआ की गई। वहीं अली डे के मौके पर घरों में ईद जैसा माहौल नजर आया। बच्चों ने नये-नये कपड़े पहने और घूमकर अली डे की मुबारकबाद दी। घरों में नियाज और लंगर का आयोजन भी हुआ। जम जम एजुकेशनल एकेडमी में भी अली डे को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली

**बनियाठेर, अमृत विचार** : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में रामलीला ग्राउंड में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के आरंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य जीतू शास्त्री ने सभी कन्याओं के कलशों को विधि विधान के साथ तिलक व पूजन किया। पीले वस्त्र में कन्याएं व महिलाएं ने कलश उठा कर चल रही थीं। कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर कर वातावरण भक्तिमय कर रही थीं। कलश यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते कथा स्थल पर संपन्न हुई। श्रीमद् भागवत कथा रामलीला ग्राउंड में सात दिन तक शाम सात से रात 11 बजे तक होगी। कलश यात्रा में यज्ञवती, सरोज देवी, वीरवती, चंचल, संजना, अंजलि, पायल, संध्या, नीलम, खुशी, कामिनी, काजल, ज्योति, शशि, गौरी, शिवानी, आदि रहे।

### अधिवक्ताओं ने ईवीएम हटाए जाने की उठाई मांग

**बहजोई,अमृत विचार** :ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा के तहत अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग उठाई।चंदौसी बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जहां ईवीएम हटाने को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को सौंपकर कहा कि ईवीएम से चुनाव करना बंद कराया जाए। बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की। कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव होंगे तो पूरी निष्पक्षता के साथ होंगे। इस दौरान विक्रम चौहान, गजेंद्र सिंह, सुभाष बाबू, वीरेश यादव, कौशल यादव, अमित शर्मा, प्रेम सिंह यादव, मनवीर सिंह, अशोक कुमार राणा, हरकिशोर राणा, विशाल, राहुल यादव, हितेश गुप्ता, रोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**संभल/सिरसी अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं खेल समिति की ओर से जिला स्तरीय कबड्डी एथलेटिक्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता सिरसी के बहमन पब्लिक स्कूल के मैदान में हुई।प्रतियोगिता का शुभारंभ बहमन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी ने किया। वॉलीबॉल का मैच जीएफ क्लब सिरसी और स्पोर्ट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें से जीएफ क्लब ने स्पोर्ट क्लब को हराकर मैच जीत लिया। कबड्डी मैच सीएच क्लब, बहमन एनसीसी क्लब के बीच खेला गया। इसमें सीएच क्लब ने जीत हासिल करके फाइनल जीता। दोनों ही विजेता टीमों को प्रमिला भारती क्रीडा अधिकारी संभल की ओर से इनाम दिए गए। इस दौरान कोच नादिर रजा, मनोज कुमार, आशिक अब्बास, असगर अब्बास, लोजी, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



तिरंगा झंडा लेकर पैदल भ्रमण करते पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

### एसपी ने तिरंगा झंडा लेकर किया पैदल भ्रमण

**संभल अमृत विचार** : गणतंत्र दिवस के मौके पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर बहजोई में पैदल भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक ने बाजार में घूमते हुए सुरक्षा इंतजाम भी देखे। अधीनस्थों को सुरक्षा को लेकर जरूरी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के साथ पैदल भ्रमण करते वक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी चंदौसी डॉ.प्रदीप कुमार और पुलिस कर्मी भी हाथ में तिरंगे झंडे लेकर चले। **चन्दौसी में** बुधवार की शाम पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस बल के साथ शहर में पैदल मार्च किया। इस दौरान एसपी नागरिकों से मिले और गणतंत्र दिवस शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही।

# ब्लैक पैंथर चन्दौसी ने संभल को सात विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर से सटे गांव कैथल के मैदान में आयोजित स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को ब्लैक पैंथर चन्दौसी और संभल की टीम के बीच मैच खेला गया। चन्दौसी ने संभल को 7 विकेट से हरा कर मैच जीत लिया। विजेता टीम के खिलाफ अनमोल मैन ऑफ द मैच रहे।

ब्लैक पैंथर चन्दौसी की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लेते हुए संभल की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। संभल के बल्लेबाजी चन्दौसी के गेंदबाजों की तूफानी गेंदबाजी के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके और पूरी टीम 75 रन बना सकी। संभल की ओर से अबू शमा ने सर्वाधिक 24 रन व मिराज ने 8 की पारी खेली। ब्लैक पैंथर के गेंदबाज अनमोल व रोबिन ने 3-3 विकेट झटके। जबाव में ब्लैक पैंथर की टीम ने 3 विकेट खोकर जीत के लिए 76 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्या टनाटन ने छक्का मार कर जीत दिलाई। ब्लैक पैंथर की और से अक्षय दीप ने सर्वाधिक 27 रन व अनमोल ने 23रन बनाए। संभल की ओर से गेंदबाज मुजसीर ने 2 व मिराज 1 विकेट लिया। इस प्रकार ब्लैक पैंथर चन्दौसी ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनमोल को दिया गया।



अनमोल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता अभियान — एलईडी पर प्रधानमंत्री मोदी के नव मतदाताओं से संवाद का सीधा प्रसारण दिखाया गया

# छात्राओं को दिलाई गई निष्पक्ष मतदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान समिति ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल व स्वीप प्रभारी डॉ. रीता द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित मतदाताओं को महाविद्यालय की प्रबंध समिति की वरिष्ठ सदस्य संगीता भार्गव द्वारा सदैव निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात एलईडी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नव मतदाताओं से संवाद का सीधा प्रसारण दिखाया गया। तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह ने छात्राओं को अपने मत का सदैव सही प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। नव मतदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजन अमनदीप कौर, डॉ. शीतल यादव, महक राजन ने किया। सोनिया बिन्द्रा, विभा सिंह, नीता गुप्ता, सपना अग्रवाल, रेनू गुप्ता आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



कॉलेज में मतदाता जागरुकता की शपथ दिलातीं संगीता भार्गव। ● अमृत विचार

### नव मतदाता सम्मेलन में जुटे भाजपाई

**चन्दौसी, अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा चन्दौसी के द्वारा गुरुवार को मॉडल लॉ कॉलेज में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें नव मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संवाद कार्यक्रम का एलईडी प्रोजेक्टर स्क्रीन पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी व ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, विनोद कुमार बिन्नी, प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार व कोच ज्ञान सिंह समेत सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, माघवेन्द्र राघव, अलोक मौर्य, ऋतिविक चौधरी, शुभम राघव, आकाश आहूजा, शुभम अग्रवाल, अमन कोरी, रिंकू दिवाकर, विवेक पाठक आदि भाजपाई व मतदाता मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने मतदान के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी, अमृत विचार** : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना एसएम कॉलेज के स्वयंसेवकों ने स्लोगन लिखकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए युवाओं एवं अन्य लोगों को जागरूक किया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने डॉ. विशेष कुमार पांडेय कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान करने की लिए शपथ ग्रहण की। तदोपरांत हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया।

### मतदान की शपथ दिलाई

**बनियाठेर, अमृत विचार** : गांव अकरौली के जनता इंटर कालेज में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने 18 वर्ष व उससे अधिक के छात्र-छात्राओं को मतदान करने व मतदाता बनने की शपथ दिलाई। इसके बाद रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया गया।

# मतदान करना अधिकार ही नहीं मौलिक कर्तव्य भी: मुख्य सचिव

## दुर्गा शंकर ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**▸▸ सर्वश्रेष्ठ जिला निर्वाचन अधिकारियों का सम्मान**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मतदान करना हमारा केवल अधिकार ही नहीं बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है, इसलिए प्रदेश के सभी लोग मतदान अवश्य करें। मुख्य सचिव 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्य सचिव ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। नए व 100 वर्ष से अधिक आयु वाले छह विशिष्ट मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराये गये। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि मतदान करना हम सबका कर्तव्य है। अगर हम अपने कर्तव्य पूर्ण नहीं करते हैं तो हमें कोई हक नहीं है कि हम अपने अधिकारों की बात करें। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि प्रदेश का मतदान प्रतिशत इस बार अवश्य बढ़े।

उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष वोट लोकतंत्र का नया निर्माण कर सकता है। देश में मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भविष्य की नींव रखता है। हर व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक संख्या में चुनाव के दौरान मतदान सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म छह ऑनलाइन भरा जा सकता है। कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनय पाठक, स्टेट आइकॉन सुधा सिंह, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक प्रमाणों से बढ़ाई जाएगी आयुर्वेद की उपयोगिता

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुर्वेद की उपयोगिता और सेहतमंद जीवनशैली की जागरुक बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान 'साइंस इन एक्शन' चलाया जाएगा। अभियान में आयुर्वेदिक औषधियों की उपयोगिता को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ समझाया जाएगा। ताकि लोग सोच-समझ कर अपने रोज़मर्रा के खाद्यय विकल्पों को चुन सकें और स्वस्थ रह सकें। डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित अभियान अंतर्गत 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी गुरुवार को कंपनी के दिनेश कुमार ने लखनऊ में सरस्वती बालिका विद्यालय मंदिर में हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि भावी पीढी बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है। बच्चों को बदलते मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा।

# चिकित्सा अनुदान एसिड अटैक पीड़िता का मौलिक अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसिड अटैक से संबंधित एक याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि चिकित्सा अनुदान एक मौलिक अधिकार है जो भारत में रहने वाले सभी व्यक्तियों के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित है। एसिड अटैक पीड़ितों के लिए राज्य द्वारा मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है।

23 मई 2014 के शासनादेश में प्रस्तावित है कि पीड़ितों के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी विभाग में 25 बिस्तरों वाले विशेष वार्ड का प्रबंध किया गया है। पीड़ित को मुआवजा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा चोटों के आकलन के बाद दिया जाता है। मौजूदा मामले के तथ्यों पर विचार करने के साथ सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए आरोपियों को 5 लाख 26 हजार रुपए की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने अलीगढ़ निवासी पीड़िता और उसके बेटे द्वारा दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मांगी गई राशि पीड़िता द्वारा निजी अस्पताल में एसिड अटैक से जलने के कारण चिकित्सा उपचार पर खर्च की गई है। बता दें कि याचियों को देखभाल और पुनर्वास के लिए नियमावली 2015 के तहत अधिकतम पांच लाख की मुआवजा राशि पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इसके बाद याचियों ने पुनः मुआवजे के भुगतान का दावा किया है जो उन्होंने मथुरा और जयपुर में इलाज के दौरान खर्च किए।

हालांकि विपक्षियों/आरोपियों ने उपरोक्त राशि के भुगतान पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि याची ने सरकारी अस्पताल के एक चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल में रेफर करने के संबंध में यूपी नियमावली 2015 के नियम 12-ख के प्रावधानों का पालन नहीं किया है। इसके साथ ही एसिड हमले में 10% से कम चोट लगने के कारण पीड़िता का बेटा उक्त नियमावली के तहत मुआवजे का हकदार नहीं है।

## सार-संक्षेप

### अयोध्या में सरकारी अस्पताल में होगी हाईटेक ओटी

**लखनऊ अमृत विचार :** अयोध्या का हर स्तर पर विकास हो रहा है। सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त विशिष्ट चिकित्सकीय सेवाएं देने वाला बनाया जा रहा है। उक्त क्रम में मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित 50 बिस्तर युक्त संयुक्त अस्पताल के नेत्र विभाग को आधुनिक बनाया जा रहा है। विभागीय ओटी में अत्याधुनिक उपकरण जुटाने के लिए राज्य सरकार ने 15 लाख ज्यादा का बजट दिया है। देवगांव, मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को सुपर स्पेश्यलिटी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। जिसके बाद नेत्र विभाग में स्लिट लैंप बायो माइक्रोस्कोप, नॉन कॉन्टेक्ट टोनोमीटर, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप व ऑटो रेफरेक्टोकेराटो मीटर आदि संसाधन जुटाने के लिए राज्य सरकार ने 15 लाख 32 हजार रूपए स्वीकृत किये हैं। यह बजट विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी कर दिए हैं।

### पर्यटन विभाग ने इनमोबी ग्लांस के साथ किया एमओयू

**लखनऊ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर पर्यटन विभाग ने फोटोग्राफी अभियान शुरू किया। अभियान में पर्यटन स्थलों की फोटो अपलोड करने पर चयनित प्रति फोटो को 100 रुपये की सम्मान राशि मिलेगी। इसके लिए पर्यटन विभाग ने अवध शिल्प ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में इनमोबी ग्लांस कंपनी के साथ एमओयू किया। इस फोटोग्राफी कैंपेन को यूपी क्लोज एंड पर्सनल थ्रू द लेंस नाम दिया गया है। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने गुरुवार को कहा कि इस अभियान से प्रदेश के पर्यटन स्थल देश-दुनिया में प्रचारित होंगे। इसके लिए upcnp.art नामक पोर्टल पर फोटो अपलोड करना होगा। इसमें 50 चैनित फोटो की एक एक्सहिबिशन भी लगाई जाएगी। इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपने फोटोग्राफी कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच भी मिलेगा।

### पांच न्याय से देश में मजबूत होगा लोकतंत्र: अजय राय

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश राहुल गांधी के युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय व श्रमिक न्याय को हासिल कर देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन से बौखला गई है, इसीलिए यात्रा पर हमले, बैनर-पोस्टर फाड़ने, राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर आदि हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी ब्लाकों में ध्वजवंदन और भारत जोड़ो न्याय यात्रा 26 जनवरी से 30 जनवरी तक निकाली जाएगी।

### वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर कार्य शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर कार्य शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स' योजना के तहत शुरू हुए कार्य पर राज्य सरकार ने 4.85 करोड़ रुपये जारी किये हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण व उन्हें आश्रयस्थल मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में केंद्र सरकार की इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स योजना को प्रदेश में क्रियान्वित करने पर सरकार का विशेष फोकस है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन अनुभाग को योजना के कार्यपालन के लिए 4.85 करोड़ रुपए की धनराशि वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति के बाद जारी कर दी है। इस परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्यों को प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक की देखरेख में सभी निर्धारित कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोई गुणवत्ता संबंधी शिकायत की गुंजाइश न रहे।

# आजम से पूर्व महिला विधायक सहित 3 नेताओं ने की मुलाकात

संवाददाता, सीतापुर

**▸▸ जनवरी माह में चौथी और अंतिम मुलाकात के दौरान राजनीतिक गलियारों पर हुई चर्चा**

**अमृत विचार :** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री आजम खां से रामपुर से आये पूर्व महिला सपा विधायक सहित तीन सपा नेताओं ने जेल में मुलाकात की। जेल में करीब दो घंटे तक चली मुलाकात के बाद तीनों सपा नेता मीडिया से बचते हुए रामपुर के लिए रवाना हो गये। जनवरी माह में आजम खां से जेल में यह मुलाकात चौथी और महीने की अंतिम मुलाकात थी।

बताते चलें कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां सहित पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को 7-7 साल की सजा और जुर्माने की सजा सुनाई थी। रामपुर जेल में दो दिनों तक रहने के बाद जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आजम खां को सीतापुर जेल में 22 अक्टूबर 2023 को शिफ्ट कर दिया था। साथ ही बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार की सुबह रामपुर से सीतापुर जेल पहुंचे महिला सपा नेता व पूर्व विधायक रूचि वीरा और तनवीर अहमद खां सहित खुर्शीद खां ने जेल मैनुअल के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण कारकार आजम खां से जेल में मुलाकात की। दो घंटे से अधिक चली मुलाकात के दौरान आजम खां ने राजनीतिक हलचल पर भी चर्चा की।

### 20 मई 2022 को रिहा हुए थे आजम



सीतापुर जिला कारागार में फरवरी 2020 से करीब दो साल से अधिक समय तक आजम खां, बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीम फातिमा के साथ जेल में बंद रहे थे। 20 मई 2022 को आजम को कोर्ट ने रिहा कर दिया था।

# रजिस्ट्री अधिकारियों को वकीलों से विनम्र व्यवहार का निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के निबंधक (न्यायिक) ने हाल की घटनाओं से प्रेरित होकर अपने सभी अधिकारियों को एक कार्यालय आदेश के माध्यम से निर्देश दिया है कि वह अधिवक्ताओं और उनके क्लर्कों के साथ बातचीत करते समय धैर्य और सम्मान पर जोर दें। उक्त आदेश में कहा गया है कि हाईकोर्ट के विभिन्न अनुभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिवक्ता और उनके मुंशियों के साथ व्यवहार करते समय विनम्रता का पालन करना चाहिए, क्योंकि वे समाज में असहाय, वंचित और हाशिए पर खड़े लोगों को बराबरी का एहसास कराते हैं। अतः ऐसे लोगों के साथ धैर्य और सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए। उक्त निर्देश का उद्देश्य हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के प्रति रजिस्ट्री अधिकारियों के अशिष्ट व्यवहार के बारे में शिकायतों की घटनाओं को रोकना है। इस आदेश का कारण हाल की वे घटनाएं हैं, जिनमें रजिस्ट्री को अपने अधिकारियों के कथित असभ्य आचरण के बारे में शिकायतें मिलीं।

# अयोध्या में रेकी करने के अभियुक्तों को सात दिन की रिमांड पर भेजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ खालिस्तानी आतंकी गुरपत्वन्त सिंह उर्फ पन्नू के कहने पर अयोध्या आए थे आरोपी**

**अमृत विचार :** खलिस्तानी आतंकी गुरुपत्वन्त सिंह उर्फ़ पन्नू के निर्देश पर अयोध्या में रेकी करके बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास करने के आरोपी शंकर लाल दूसाद उर्फ़ शंकर जाजोद, अजीत कुमार शर्मा और प्रदीप पुनिया को सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने आदेश एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने दिया है। एटीएस अभियुक्तों को हिरासत में लेकर 26 जनवरी से एक फ़रवरी तक पूछताछ करेगी।

इसके पूर्व एटीएस ने गत 19 जनवरी को तीनों अभियुक्तों को अयोध्या से गिरफ़्तार करके 20 जनवरी को कोर्ट में पेश किया था, अभियुक्तों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने की माँग संबंधी अर्ज़ी देते हुए, सरकारी वकील एमके सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की रिपोर्ट एटीएस थाने में इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कुछ लोग आतंकी घटना कारित करने के उद्देश्य से अयोध्या की रेकी कर रहे हैं, इस सूचना पर एटीएस ने स्कॉर्पियो में सवार तीनों अभियुक्तों शंकर लाल, अजीत कुमार और प्रदीप पुनिया को गिरफ़्तार कर लिया। पूछताछ में पहले तो आरोपी एटीएस टीम को बरगलाते रहे लेकिन बाद में शंकर लाल ने बताया कि वह 2016 में बीकानेर की जेल में बंद था जहां उसकी मुलाक़ात खलिस्तानी आतंकवादी सुखविंदर सिंह सुक्खा के साथी लखविन्दर सिंह से हुई जिसने अपने भांजे पम्मा से मुलाक़ात करने का निर्देश दिया और पम्मा ने कनाडा में रहने वाले सुखविंदर सिंह से बात करने को बोला। कहा गया कि आरोपी ने कई बार सुखविंदर से बात की और सुखाविंदर की हत्या के बाद आरोपी शंकर लाल कई अन्य आतंकियों से बात करता रहा। बताया गया कि कनाडा में रह रहे खलिस्तानी आतंकियों ने गुरुपत्वन्त सिंह का नाम लेकर उसे अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की रेकी करने के लिए कहा था और वहाँ का नक़्शा भेजने के लिए कहा था। बताया गया कि अभियुक्त को निर्देश दिये गए थे कि उसे आतंकी घटना करित करने के लिए और सामग्री दी जाएंगी।


# प्रदेश में कोहरे का कहर, 56 जिलों में अलर्ट

## मौसम विभाग का 18 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 21 जिलों के लिए ऑरेंज और 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कोहरे व गलन से आमजन को फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद कम है। मौसम विभाग ने 18 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 21 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट और 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य का अधिकांश हिस्सा ठंड और शीतलहर की चपेट में आ जाने के मद्देनजर यह अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग के अनुसार गलन और ठिठुरन और बढ़ेगी। लखीमपुर खीरी, ज्योतिबा फुले नगर, मुरादाबाद, रामपुर, बदायूं, लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, बरेली, काशीराम नगर, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, पीलीभीत और शाहजहांपुर में कोहरे और शीतलहर का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**शीतलहर और ठंड की चपेट में राज्य का 70 प्रतिशत इलाका, मौसम साफ होने पर भी चलेंगी तेज हवाएं**



**इन जिलों में है येलो अलर्ट:** संत कबीर नगर, बस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, संत रविदास नगर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर देहात, हमीरपुर, जालौन, इटावा और औरैया में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट:** बागपत, आगरा, मुजफ्फरनगर, एटा, बिजनौर, अलीगढ़, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर, सुल्तानपुर, अमेठी, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद जिले में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

### क्या है रेड, आरेंज और येलो अलर्ट?

बहुत ज्यादा मौसम के खराब होने की आशंका पर रेड अलर्ट जारी होता है। लोगों को सचेत करने के लिए जारी किया जाता है कि अब आपको अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए नियमों का पालन करना चाहिए। वहीं, ऑरेंज अलर्ट का अर्थ होता है कि मौसम खराब हो चुका है। ऐसे में अब आपको सिर्फ नजर बनाकर नहीं रखनी है, बल्कि बाहर जाने से भी बचना चाहिए। मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी करने की स्थिति में मौजूदा स्थिति से खतरा तो नहीं है, लेकिन सतर्क अवश्य रहना होगा।

# पूरे उत्साह से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 75वें गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। शुक्रवार को अमृतकाल के दूसरे गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। पूरे प्रदेश में पारंपरिक सादगी के साथ लेकिन पूरे उत्साह से राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को एक परामर्श समिति का गठन करने के निर्देश पहले ही दे दिए थे। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक पार्टियों व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।


## वर्ग पहेली-324

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोतने की क्रिया या भाव 2. दीवार पर रंग या लेप करने की क्रिया 3. पुताई की मज़दूरी।
3. गुरुच या गुडूची, एक प्रकार की कड़वी बेल जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं।
4. 1. हठी, ज़िद्दी 2. अड़ियल।
5. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथ-साथ विचरण करने वाली स्त्री 2. सखी, सहेली, साथिन 3. पत्नी।
7. 1. देर तक होने वाली धम की आवाज़ 2. पदचाप।

**ऊपर से नीचे**

2. मांगलिक अवसर या उत्सव आदि में संबंधियों या मित्रों को भेजी जाने वाली मिठाई।
3. 1. पीठ पर तीन सफ़ेद धारियों वाला चूहे जैसा एक छोटा जंतु जो पेड़ों पर या बगीचों में रहता है 2. गिलाई 3. चिखुरी।
5. अग्नि, आग।
6. ईरान या पर्शिया नामक देश।



### वर्ग पहेली - 323 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | रु | त | | | |
| | | | 2 दा | | 3 बं |
| | 4 कं | 5 द | ल | | श |
| | 6 डो | ल | ची | | लो |
| 7 का | म | दा | नी | | च |
| यि | | र | | | न |
| की | | | 8 लौं | डा | |

## सुडोकू-41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 2 | | | 1 | |
| | | 9 | | | 8 | | | 3 |
| | | 4 | 9 | | 6 | | | 5 |
| 2 | | | 5 | 3 | 7 | | | 6 |
| | | 1 | | | | 7 | | |
| 6 | | | 1 | 9 | 2 | | | 4 |
| 4 | | | 7 | | 1 | 5 | | |
| 5 | | | 8 | | | 9 | | |
| | 8 | | | 5 | | 6 | | |

### सुडोकू - 40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 27 जनवरी 01.19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष:** आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने से लाभ होगा। छात्रों को पढ़ाई में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कुछ लोग आपका मजाक उड़ा सकते हैं। परिवार में किसी का विवाह तय हो सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**वृष:** आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। शत्रु आपके सामने घुटने टेकते नजर आएंगे। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर पाने में आसानी होगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**मिथुन:** आज पिछली गलतियों से सीखने के अवसर मिलेंगे। परिवार के लोग आपको कोई उपहार दे सकते हैं। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे। आपको धन उधार लेने से बचना चाहिए। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क:** आज परिवार में एकता और सामंजस्य बढ़ेगा। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। लंबित सरकारी कार्य पूर्ण हो सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग करेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह:** आज घर की साज-सज्जा में आप धन खर्च करेंगे। आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। विदेश से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। काम का दबाव बढ़ सकता है। प्रेम संबंधों में विवाद होने की संभावना बन रही है।

**कन्या:** आज व्यापारिक यात्रा की योजना बनेगी। वैवाहिक जीवन में सुख बढ़ेगा। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको यश प्राप्त होगा। लेखन कार्यों में जुड़े लोगों को ख्याति मिलेगी।

**तुला:** आज विदेशी स्रोतों से धन लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आप शॉपिंग पर जा सकते हैं। प्रशासन से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। भोग-विलास और ऐश्वर्य पर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक:** आज कानूनी मामलों में विजय मिलने के योग बन रहे हैं। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। ऑफिस में आपके काम का लोग श्रेय लेने का प्रयास करेंगे।


**धनु:** आज आपको काफी सावधान रहना चाहिए। बच्चों को बड़ों की डांट खानी पड़ेगी। पीठ और कमर में दर्द और थकान महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से परेशानी का अनुभव होगा। व्यवसाय में क्लाइंट्स के साथ रिलेशन खराब हो सकते हैं।

**मकर:** आज पुराना ऋण उतारने के लिए दिन उत्तम है। जीवनसाथी की सलाह लेकर काम करना शुभ होगा। व्यवसाय में अधिकतम काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। नए विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**कुंभ:** आज निःस्वार्थ भाव से लोगों की मदद करेंगे। इसीलिए लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जॉब में मनोयोग से काम करेंगे। अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं।

**मीन:** आज आपकी योग्यता लोगों के सामने निखर के सामने आएगी, लेकिन आप अपनी उन्नति से असंतुष्ट रहेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में हानि हो सकती है। किसी से कोई वादा न करें। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गणतंत्र दिवस। मुहूर्त- अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.48, 12.40-13.24 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 10.28 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
हिन्दुस्तान की कसम — रात : 07.56

SONY MAX
राउडी — सुबह : 09.08
एकलव्य — रात : 09.30

SONY PIX
साल्ट — सुबह : 09.48
एज ऑफ टूमारो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
हिम्मतवार — सुबह : 10.30
परमाणु — रात : 07.30

colors CINEPLEX
स्वदेश — दोपहर : 12.24
गब्बर इज बैक — शाम : 04.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- बीस हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को पंद्रह हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1880, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलोg) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850। किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800। चावल –(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500–14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6950–7700, मलका छॉंटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650–10400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000–11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14000, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 11800, अरहर पटका मोटा 12200, अरहर कोरा मोटा 12600, अरहर पटका छोटा 14000–14400, अरहर कोरी छोटी 1550। चीनी –डालमियां 4060।

# सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्णता के करीब सरकार : सीतारमण

## वित्त मंत्री ने हिंदू कॉलेज की वर्षगांठ पर कहा- अब देश के आत्मनिर्भर बनने का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।

पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उन पर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

वित्त मंत्री ने कहा, यह साफ है कि 2014 लेकर अब तक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया।

### डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम



सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके। आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों – भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को इसके लिए चुना है। इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन–देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई–रुपया शुरू किया। ई–रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई–रुपये से लेनदेन कर सकते हैं।

# नोवार्टिस इंडिया के प्रबंध निदेशक संजय का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** नोवार्टिस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय मुर्देश्वर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुरुवार को हुई बैठक में मुर्देश्वर का इस्तीफा मंजूर कर लिया। मुर्देश्वर ने 25 जनवरी, 2024 को एक पत्र में निदेशक और कंपनी के कर्मचारी के तौर पर दो अप्रैल, 2024 को कारोबारी घंटों के बाद पद छोड़ने की सूचना दी थी। मुर्देश्वर ने निदेशक मंडल को भेजे अपने पत्र में कहा, "मेरी व्यक्तिगत और व्यावसायिक आकांक्षाएं समय के साथ विकसित हुई हैं, और मेरा मानना है कि यह अपने लिए एक नई दिशा अपनाने का सही समय है।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **टेक महिंद्रा का शेयर छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया**

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था।

50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया। कंपनी का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत घटकर 510.4 करोड़ रुपये रहने की सूचना के बाद इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा भारती एयरटेल, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,934.93 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700–47,900 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,750 |
| चांदी आभूषण | 73,400। |

## मुरादाबाद मंडी

| | |
|---|---|
| दाल चना | :75 से 76 |
| मसूर | : 88 से 90 |
| मलका | :82 से 85 |
| अरहर | : 118 से 125 |
| उड़द | : 95 से 101 |
| धोआ उड़द | : 110 से 120 |
| मूंग धोआ | :104 - 106 |

# एयर इंडिया पांच और ए350 विमानों को करेगी बेड़े में शामिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया जून तक अपने बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल करेगी। साथ ही 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमानों को उन्नत करने की प्रक्रिया जुलाई में शुरू होगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में औसतन हर छह दिन में एक विमान एयरलाइन के बेड़े में शामिल होगा। घाटे में चल रही एयर इंडिया का टाटा समूह ने दो साल पहले 27 जनवरी को अधिग्रहण कर लिया था।

# सीसीई एग्री एप के प्रयोग में 59 जिले फिसड्डी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ **लखनऊ व बागपत अव्वल, ललितपुर, कन्नौज, बदायूं, जौनपुर, महोबा, मथुरा बेहद खराब**

▸▸ **खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से कर पाए**

**अमृत विचार :** प्रदेश में खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में अनिवार्यता होते हुए भी फसल कटाई सर्वेक्षण यानी सीसीई एग्री एप का 100 प्रतिशत प्रयोग नहीं हुआ। क्रॉप कटिंग के दौरान कुल 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से किए गए। जबकि शेष पहले की तरह टेबिल पर उत्पादकता के आंकड़े भरे गए। हालांकि लखनऊ ने 1916 व बागपत ने 356 प्रयोग 100 प्रतिशत एप से कर सफलता हासिल की है, जबकि 50 प्रतिशत से कम एप का प्रयोग करने में 59 जिले फिसड्डी हैं।

सबसे खराब प्रगति ललितपुर, कन्नौज व बदायूं की 1 प्रतिशत व जौनपुर, मथुरा व महोबा की 2 प्रतिशत से कम है। इस पर गंभीरता न लेने वाले 50 फीसदी से कम प्रगति वाले एसडीएम व तहसीलदार से शासन कार्रवाई कर सकता है। गाजियाबाद, हापुड़, मुज्जफरनगर सहारनपुर, सोनभद्र व शामली की प्रगति अच्छी है। इनमें 70 फीसदी से अधिक प्रयोग किए हैं।

**यहां 50 प्रतिशत से कम प्रगति**

| जिले | प्रयोग | इतने किए |
|---|---|---|
| बरेली | 4914 | 1918 |
| मुरादाबाद | 2696 | 1058 |
| बदायूं | 8608 | 63 |
| शाहजहांपुर | 5156 | 166 |
| रामपुर | 3120 | 569 |
| पीलीभीत | 2908 | 567 |
| कासगंज | 3680 | 1346 |

**ये भी पीछे**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ललितपुर | 5048 | 9 | फर्रुखाबाद | 3064 | 211 |
| कन्नौज | 3404 | 8 | अमेठी | 2728 | 264 |
| महोबा | 4268 | 67 | चित्रकूट | 3144 | 317 |
| मथुरा | 2740 | 46 | बांदा | 3310 | 336 |
| जौनपुर | 7156 | 137 | फतेहपुर | 5624 | 771 |
| कानपुर नगर | 2444 | 658 | अयोध्या | 3308 | 573 |
| कानपुर देहात | 4888 | 123 | जालौन | 4448 | 893 |
| बाराबंकी | 5248 | 267 | गोरखपुर | 5400 | 1187 |
| उन्नाव | 7628 | 512 | प्रयागराज | 6100 | 2103 |

### पारदर्शिता के लिए एप लागू

क्रॉप कटिंग में कुछ गांव के खेत चिह्नित कर फसल की कटाई कर उपज निकाली जाती है। पुरानी व्यवस्था से इन पर घर बैठे या फिर मनमाने तरह से आंकड़े भरने के आरोप लगते हैं। इसमें पारदर्शिता लाकर उपज के सही आंकड़े सरकार तक पहुंचाने के लिए 2018 में सीसीई एप लागू किया गया था। इसमें फोटो, समेत पूरा विवरण ट्रेस होता है।

क्रॉप कटिंग में पारदर्शिता के लिए एप का प्रयोग करना है। इसमें लखनऊ व बागपत ने 100 प्रतिशत प्रयोग किया है। जबकि कुछ जिलों की प्रगति खराब है। यहां से संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही सुधार किया जाएगा।
**–सुमिता सिंह**, निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 तक रोक

**चंडीगढ़।** संगरूर जिले की एक अदालत ने 2008 के एक मामले में गुरुवार को पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी। जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अरोड़ा की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत दी। अरोड़ा के वकील योगेश गुप्ता ने कहा, अदालत ने मंत्री की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी और अंतिम आदेश की घोषणा के लिए मामले को स्थगित कर दिया गया।

### महिला को ब्लैकमेल, धन ऐंठने में विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक महिला को उसकी अश्लील तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर धन ऐंठने के आरोप में 37 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान इवान के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार बिजनेस वीजा पर आया इवान ग्रेटर नोएडा में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) हेमंत तिवारी ने बताया हमें एक व्यक्ति से शिकायत मिली थी। जांच में आरोप सही मिले।

### कोविड-19 से संक्रमण के 198 नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड–19 से संक्रमण के 198 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचारधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,764 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे की अवधि में पंजाब में एक मौत की सूचना मिली।

# मैक्रों और मोदी ने की जयपुर की सैर

## प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया ऐतिहासिक हवा महल का दीदार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को परकोटे में स्थित जंतर मंतर से हवा महल तक रोड शो किया। इस दौरान मोदी व मैक्रों खुली छत वाले एक वाहन में सवार थे। दोनों नेताओं ने सड़क के दोनों ओर खड़े जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने मोदी मोदी के नारे भी लगाए। उन पर अनेक स्थानों पर फूलों की वर्षा की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ में तिरंगे तथा फ्रांस के राष्ट्रध्वज ले रखे थे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक चला। इसके बाद दोनों नेताओं ने रोशनी से जगमगाते ऐतिहासिक हवा महल को निहारा। बाद में स्थानीय कलाकृतियों व हस्तशिल्प उत्पादों की एक दुकान में गए। वहां राष्ट्रपति मैक्रों अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की प्रतिकृति निहारते देखे गए। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें वहां रखे भीम यूपीआई स्कैनर के बारे में भी बताया। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं।

इससे पहले मोदी ने गुरुवार शाम जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया तथा उसके बारे में जाना। अपने भारत दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैक्रों का स्वागत किया। वहीं, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी शाम में जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे से मोदी जयपुर के परकोटे में स्थित जंतर मंतर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में जगह जगह लोग व स्कूली बच्चे उनके स्वागत के लिए खड़े थे।

मैक्रों हवाई अड्डे से आमेर के किले पहुंचे। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बातचीत करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए।



जयपुर के बाजार में पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

# गणतंत्र दिवस पर 6 कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली, एजेसी

▸▸ **छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत दिए जाएंगे**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छह कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र सहित 80 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दे दी। छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत और 16 शौर्य चक्र में से दो को मरणोपरांत प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।

कीर्ति चक्र अशोक चक्र के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जबकि शौर्य चक्र शांतिकाल का तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार जिन्हें कीर्ति चक्र पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई उनमें पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की 21वीं बटालियन के मेजर दिग्विजय सिंह रावत, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर दीपेंद्र विक्रम बासनेत और महार रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के हवलदार पवन कुमार यादव शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार मरणोपरांत पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वालों में पंजाब रेजिमेंट (आर्मी मेडिकल कोर) की 26वीं बटालियन के कैप्टन अंशुमान सिंह, पैराशूट रेजिमेंट की नौवीं बटालियन (विशेष बल) के हवलदार अब्दुल माजिद और राष्ट्रीय राइफल्स की 55वीं बटालियन के सिपाही पवन कुमार शामिल हैं। इसके अनुसार शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में पैराशूट रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के मेजर मानेओ फ्रांसिस, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर अमनदीप जाखड़, महार रेजिमेंट के नायब सूबेदार बारिया संजय कुमार भामर सिंह, 9 असम राइफल्स के हवलदार संजय कुमार और राष्ट्रीय राइफल्स से पुरुषोत्तम कुमार शामिल हैं।

भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट बिमल रंजन बेहरा और भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर शैलेश सिंह (पायलट), फ्लाइट लेफ्टिनेंट हृषिकेश जयन करुथेदथ (पायलट) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह भी शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं।

# झारखंड उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में किया धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने एक महिला के अपने पति से गुजारा–भत्ता मांगने से जुड़े मामले में आदेश सुनाते हुए धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख किया है। फैसले में न केवल पति और पत्नी के वैयक्तिक संबंधों की बात की गई है, बल्कि विवाहित दंपतियों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। न्यायमूर्ति सुभाष चंद ने 25 पन्नों के आदेश में उच्चतम न्यायालय के फैसलों को उद्धृत करते हुए इस बारे में विचार व्यक्त किया कि भारत में महिलाएं किस तरह शादी के बाद पति के परिवार में रहने आती हैं। न्यायमूर्ति चंद ने अपने आदेश में ऋग्वेद, यजुर्वेद, मनुस्मृति के उद्धरणों का भी वर्णन किया और टेरेसा चाको की पुस्तक 'इंट्रोडक्शन ऑफ फेमिली लाइफ एजुकेशन' का भी हवाला दिया।

# कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार की भाजपा में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार गुरुवार को भाजपा में वापस लौट आए। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर नाराज होने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजीव चंद्रशेखर, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा, मुख्य प्रवक्ता व मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी और पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र की मौजूदगी में उनकी घर वापसी हुई।

हुबली-धारवाड़ मध्य सीट से छह बार विधायक रहे जगदीश शेट्टार की गिनती राज्य के अनुभवी नेताओं में होती है। उनका परिवार जनसंघ के दिनों से पार्टी से जुड़ा रहा।



बीजेपी में दोबारा शामिलजगदीश शेट्टार का नई दिल्ली में स्वागत करते नड्डा।

# कांग्रेस महासचिव जयराम बोले- सीटों के बंटवारे पर मिलजुलकर निकाल लेंगे समाधान

**सिलीगुड़ी।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि तृणमूल कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर उपजे गतिरोध का समाधान निकाल लिया जाएगा। इससे एक दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। उनके इस बयान को 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। रमेश ने बागडोगरा हवाईअड्डे पर कहा कि कांग्रेस ममता बनर्जी के बिना गठबंधन के बारे में सोच भी नहीं सकती, क्योंकि वह देश में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में अपरिहार्य हैं।

# गजब : बठिंडा में अवैध मुकाबले में जब्त मुर्गा बना केस प्रॉपर्टी, पुलिस ने ली कस्टडी

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ **मुर्गे को तारीख पर कोर्ट में भी पेश किया जाएगा**



पंजाब के बठिंडा जिले में कुछ दिन पहले 'मुर्गों की लड़ाई' के अवैध मुकाबले से बरामद किए गए एक मुर्गे को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में 'केस प्रॉपर्टी' के रूप में पेश किया जाएगा। 'केस प्रॉपर्टी' ऐसी वस्तु को कहा जाता है कि जिसे अपराध के मामले में पुलिस अपने कब्जे में ले लेती है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बठिंडा के बल्लुआना गांव में आयोजित इस प्रतिबंधित खेल प्रतियोगिता के तीन आयोजकों पर पांच दिन पहले मामला दर्ज किया गया था।

सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) निर्मलजीत सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद पुलिस ने आयोजकों में एक राजविंदर सिंह उर्फ राजू से मुर्गे को बरामद किया था। पुलिस ने बताया कि मुकाबले में जीतने वाले मुर्गे के मालिकों को दिए जाने वाले कुछ पुरस्कार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मुर्गे को कुक्कुट पालन करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति को दिया है जो उसकी देखरेख कर रहा है।

सहायक उप निरीक्षक ने कहा कि मामले की जब कभी सुनवाई होगी, हम मुर्गे को अदालत में पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुर्गा विषय में 'केस प्रॉपर्टी' है। पुलिस ने बताया कि राजविंदर सिंह, जगसीर सिंह और गुरजीत सिंह के खिलाफ पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम, 1960 के संबद्ध प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को मामले में जमानत मिल गई है।

# पीएम मोदी ने पार्टी के घोषणा पत्र के लिए युवाओं से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्ण बहुमत के साथ स्थिर सरकार चुनने की वकालत की और युवा मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में परिवारवादी पार्टियों को हराने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके वोट ही भारत की दशा व दिशा तय करेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजयुमो की ओर से आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि परिवारवादी पार्टियों की सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय' बना दिया गया था। मोदी ने युवाओं से आगामी लोस के मद्देनजर भाजपा के घोषणापत्र के लिए सुझाव देने का आग्रह किया।

# आतंकी घटनाओं में आई 66 प्रतिशत कमी : शाह

जम्मू, एजेंसी

▸▸ **गृहमंत्री ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई, कहा-धारा 370 हटने से राज्य में लौट रही शांति**



जम्मू कश्मीर में शांति के एक नए युग की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी घटनाएं 66 फीसदी और नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है।

शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जम्मू कश्मीर को पर्यटन केंद्र के रूप में तब्दील करने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। शाह ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

शाह ने कहा कि 2000 में जम्मू कश्मीर में पथराव की 2,654 घटनाएं हुई थीं लेकिन 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, 2010 में करीब 132 बंद के आयोजन किए गए लेकिन 2023 में एक भी नहीं किया गया। 2010 में करीब 112 नागरिकों की पथराव की घटनाओं में मौत हुई लेकिन 2023 में पथराव में एक भी नागरिक ने जान नहीं गंवाई। करीब 6,235 नागरिक 2010 की अवधि के दौरान घायल हुए। मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण पर भी नकेल कसी गई है।

उन्होंने कहा कि संपत्ति सील और कुर्क की जा रही। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई आतंकी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया है। मोदी की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को एक पर्यटन केंद्र में बदल दिया है जो कभी आतंकवाद के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि बम विस्फोट, गोलीबारी, पथराव और बंद के युग की जगह शिक्षा, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, प्रबंधन संस्थान, उद्योग और बुनियादी ढांचे ने ले ली है।

# हरिशंकर भाभड़ा का निधन, पार्टीजनों ने दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा ने बीती रात स्थानीय रूंगटा अस्पताल में अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह उनका पार्थिव देह भाजपा प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां पार्टीजनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वरिष्ठ नेता के पार्थिव शरीर के दर्शन कर पार्टी का झंडा ओढ़ाया, पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पहला ग्रैंडस्लैम जीतने से बस एक कदम दूर बोपन्ना

## आस्ट्रेलियाई ओपन में चीन की जोड़ी को हराकर फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से बस एक जीत दूर है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन को बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा।



### एबडेन के साथ अच्छा रहा तालमेल : बोपन्ना

बोपन्ना ने कहा कि एबडेन के साथ तालमेल अच्छा रहा। इस उम्र में सफलता के बारे में पूछने पर कहा कि उनके साथ एक बड़ी टीम है। उन्होंने फोकस बनाए रखा और फिटनेस पर पूरा ध्यान दिया। मानसिक मजबूती के लिए योग करते हैं। एबडेन ने कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास है। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। अब एक मैच बाकी है।


### कड़े मुकाबले में बोपन्ना ने दिखाई खेल भावना

पहले दो सेट में बराबरी के बाद तीसरे सेट के पहले गेम में बोपन्ना और एबडेन 0-30 से पीछे थे लेकिन बोपन्ना ने अपनी दमदार सर्विस बरकरार रखी। बोपन्ना की खेल भावना एक बार फिर देखने को मिली जब सातवें गेम में उन्होंने नेट छूने के बाद खुद बताया कि एक अंक गंवा दिया है। बोपन्ना का बैकहैंड शॉट लंबा जाने के बाद वे 15-30 से पीछे हो गए और झांग ने क्रॉसकोर्ट पर फोरहैंड विनर लगाया, जिससे बोपन्ना को दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। उनका बैकहैंड शॉट बाहर चला गया, जिससे विरोधी टीम ने वापसी की। अगले गेम में बोपन्ना और एबडेन को तीन मैच प्वाइंट मिले जो उन्होंने बचाए। चीनी खिलाड़ियों ने हालांकि वापसी करते हुए एक समय स्कोर 5-5 कर लिया।

### सुपर टाइब्रेकर से हुआ मैच का फैसला

11वें गेम में करीबी मुकाबले के बाद एबडेन ने सर्विस बरकरार रखते हुए 6-5 की बढ़त दिलाई, इसके बाद एक और ब्रेक प्वाइंट से वे मैच जीत जाते लेकिन तीसरा सेट टाई रहने पर सुपर टाइब्रेकर हुआ। सुपर टाइब्रेकर में एबडेन ने रिटर्न विनर लगाकर बढ़त बनाई और बोपन्ना ने झांग के रिटर्न पर जबर्दस्त वॉली विनर लगाकर स्कोर 7-5 कर दिया। बोपन्ना ने इसके साथ मैच खत्म किया।

# कोको गॉफ को हराकर सबालेंका फाइनल में



मेलबर्न, एजेंसी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन और डायना यास्त्रेमस्का के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी। झेंग और दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी यास्त्रेमस्का पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रहे हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में सबालेंका के खिलाफ गॉफ की 2024 की पहली हार है।

# ज्योति रंधावा बने सीनियर यूरो क्यू स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय



**अंताल्या, एजेंसी।** गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बने और इस सत्र में लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे। वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा ने 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थीं। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

# भारतीय स्पिन के सामने बैजबॉल की उड़ीं धज्जियां

## 246 रन पर सिमटी इंग्लैंड की पहली पारी, भारत ने एक विकेट खोकर बनाए 119 रन

हैदराबाद, एजेंसी

इंग्लैंड की बैजबॉल की रणनीति की बृहस्पतिवार को हैदराबाद में भारतीय स्पिनरों ने धज्जियां उड़ा दीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पूरी टीम पहली पारी में 246 रन पर सिमट गई। जवाब में यशस्वी जायसवाल ने शानदार अर्धशतक जड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दी। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। यशस्वी जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं। भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान रोहित शर्मा के रूप में गंवाया, जो स्पिनर जैक लीच की गेंद पर आउट हो गए। रोहित ने 27 गेंद में तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाए।

### 76 रन 70 गेंदों पर बनाकर यशस्वी शुभमन के साथ मैदान पर डटे





### स्पिन तिकड़ी के सामने ढेर हुई इंग्लैंड

सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए, जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने की इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति कहीं नजर नहीं आई, जिसके दम पर पिछले कुछ अर्से में उसने अपार सफलता हासिल की है।

### रोहित ने 64 में 52 ओवर स्पिनरों से कराए

कप्तान रोहित शर्मा ने 64 .3 में से 52 ओवर तीनों स्पिनरों से कराए। स्पिनर भी कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले आठ ओवरों में 41 रन बना लिए थे। अश्विन ने 12वें ओवर में डकेट को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जडेजा ने ओली पोप को 14वें ओवर में पहली स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। अश्विन ने अगले ओवर में क्रॉली को अपना 492वां टेस्ट शिकार बनाया। उनकी फुललैंथ गेंद पर क्रॉली ने मोहम्मद सिराज को कैच थमाया।

### 60 रन पर गिरे 3 विकेट, रूट और बेयरस्टो ने संभाली पारी

तीन विकेट 60 रन पर गिरने के बाद रूट और बेयरस्टो ने पारी को संभाला। उनके बीच हुई 61 रन की साझेदारी को तोड़ते हुए अक्षर ने बेयरस्टो को पवेलियन भेजा। स्पिन को बखूबी खेलने वाले रूट भी जड़ेजा की गेंद पर खराब शॉट खेलकर जसप्रीत बुमराह को कैच थमाया। बेन फोक्स 24 गेंद में चार रन बनाकर अक्षर का दूसरा शिकार बने, जिनका कैच विकेट के पीछे केएस भरत ने लपका। टॉम हार्टली (23) को जडेजा और मार्क वुड (11) को अश्विन ने बोल्ड किया, जबकि रेहान अहमद (13) ने बुमराह की गेंद पर विकेट के पीछे कोना भरत को कैच थमाया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 119/1 (23 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 76 | 70 | 9/3 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो लीच | 24 | 27 | 3/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 14 | 43 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 5, कुल : 23 ओवर में एक विकेट पर : 119 रन, विकेट पतन : 1-80, गेंदबाजी : वुड 2-0-9-0, हार्टली 9-0-63-0, लीच 9-2-24-1, अहमद 3-0-22-0

**इंग्लैंड** 246/10 (64.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3/0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 1 | 11 | 0/0 |
| जो रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6/3 |
| बेन फोक्स का भरत बो पटेल | 4 | 24 | 0/0 |
| रेहान अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1/0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2/1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2/0 |
| जैक लीच नाबाद | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 3, कुल :64 .3 ओवर में ऑल आउट : 246 रन, **विकेट पतन :** 1-55, 2-58, 3-60, 4-121, 5-125, 6-137, 7-155, 8-193, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 8 .3-1-28-2, मोहम्मद सिराज 4-0-28-0, रविंद्र जडेजा 18-4-88-3, रविचंद्रन अश्विन 21-1-68-3, अक्षर पटेल 13-1-33-2

## खेल डायरी

### मुक्केबाजी से अभी नहीं लिया है संन्यास : मैरी कॉम



नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन मैरी कॉम ने बृहस्पतिवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अब तक संन्यास की घोषणा नहीं की है और उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी संन्यास का एलान करना होगा तो खुद बता दूंगी। दरअसल डिब्रूगढ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले से कहा गया था कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिए 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है।

### पहले मैच में भारत का सामना स्विटजरलैंड से

**हॉकी-5 विश्व कप**

बेंगलुरू। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मस्कट में पहले एफआईएच हॉकी-5 विश्व कप में पूल बी में रविवार को स्विटजरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। सिमरनजीत सिंह की कप्तानी वाली टीम का सामना रविवार को ही मिस्र से होगा। आखिरी ग्रुप मैच में टीम सोमवार को जमैका से खेलेगी। पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड की टीमें हैं। पूल सी में आस्ट्रेलिया, कीनिया, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं, जबकि पूल डी में फीजी, मलयेशिया, ओमान और अमेरिका हैं। हर पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल भी उसी दिन होगा और फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराया

**मस्कट।** मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने हॉकी 5 महिला विश्व कप में अमेरिका को 7-3 से हराया। भारत के लिए महिमा चौधरी, मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग, मुमताज खान और अजमिना कुजूर ने गोल दागे। समफेस्ट ने रिवर्स शॉट पर अमेरिका को बढ़त दिलाई, जबकि कप्तान लिनीया ने दूसरा गोल करके भारतीय खेमे में खलबली बचा दी। दूसरे हाफ में भारतीयों ने दबाव बनाकर पहला गोल कर दिया। अमेरिका के लिए अगले ही मिनट समफेस्ट ने दूसरा गोल किया। मरियाना ने दो गोल करके भारत को बराबरी दिलाई। इसके बाद दीपिका ने दो और गोल किए। मुमताज और अजमिना ने एक-एक गोल करके अमेरिका की हार तय कर दी।

### नीरज चौपड़ा ने रोजर फेडरर से की मुलाकात



**ज्यूरिख।** स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने हाल में एक-दूसरे से मुलाकात की। स्विट्जरलैंड टूरिज्म द्वारा आयोजित इस मुलाकात में फेडरर और नीरज चोपड़ा ज्यूरिख में मिले। फेडरर ने कहा कि नीरज ने अपने दृढ़ संकल्प और जज्बे से देश के लिए काफी कुछ हासिल किया है। ज्यूरिख में उनसे मिलना शानदार रहा है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि रोजर फेडरर की विनम्रता ने उन्हें प्रेरित किया। फेडरर ने नीरज को अपने हस्ताक्षर वाला टेनिस रैकेट भेंट किया, जबकि नीरज ने जर्सी उपहार में दी।

### शशिकुमार ने पेलान को हराकर किया उलटफेर

चेन्नई। शशिकुमार मुकुंद ने गुरुवार को कड़े मुकाबले में चेक गणराज्य के दूसरे वरीय डोमीनिक पेलान को हराकर 25 हजार डॉलर इनामी आईटीएफ फ्यूचर्स अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर कर दिया। वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। शशिकुमार ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए पेलान को 5-7, 7-6, 7-5 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टोमिक को अभिनव संजीव के खिलाफ सीधे सेट में 6-16-4 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। यूक्रेन के एरिक वेंशेलबोइम ने रंजीत के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि रूस के एलेक्सी जखारोइ ने आठवें वरीय इजराइल के ओरेल केमही को सीधे सेट में हराया।

# कोहली चौथी बार वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, एजेंसी

विराट कोहली को पिछले साल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे। कोहली ने 6 शतक और 8 अर्धशतकों से पिछले साल 1377 रन बनाए थे। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के वनडे में शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

कोहली ने भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया और 11 मैच में रिकॉर्ड 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार भी हासिल किया। कोहली के कॅरिअर का यह सातवां व्यक्तिगत आईसीसी पुरस्कार है और वनडे में यह उनका चौथा पुरस्कार है। उन्होंने इससे पहले वनडे में 2012, 2017 और 2018 में यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने 2018 में टेस्ट पुरस्कार भी जीता था, जबकि 2017 और 2018 में उन्होंने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती थी।



### पैट कमिंस चुने गए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। कमिंस ने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती और इंग्लैंड की आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट ने साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिए लगातार दूसरी रशेल हेहो फ्लिंट ट्राफी जीती।

### उस्मान ख्वाजा बने टेस्ट के सरताज

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने। श्रीलंका की चामरी अटापट्टू ने पहली बार सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर पुरस्कार हासिल किया। वह आईसीसी पुरस्कार पाने वाली देश की पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई। इंग्लैंड के अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने तीसरी बार साल के सर्वश्रेष्ठ अंपायर के लिए डेविड शेफर्ड ट्राफी जीती।

# भारत ने आयरलैंड को 201 रन से रौंदा

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

**118 रन की पारी खेली भारत के मुशीर खान ने**

**4 विकेट नमन तिवारी और 3 स्वामी पांडे ने चटकाए**

मुशीर खान के शतक के बाद नमन तिवारी और स्वामी पांडे की धारदार गेंदबाजी से भारत ने अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में गुरुवार को आयरलैंड को 201 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के 302 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 53 रन पर चार और स्पिनर पांडे ने 21 रन पर तीन विकेट चटकाए। भारत की गेंदबाजी के सामने आयरलैंड 29.3 ओवर में सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई।

आयरलैंड की ओर से 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेनियल फोर्किन ने सर्वाधिक नाबाद 27 रन बनाए। टीम ने 45 रन तक ही आठ विकेट गंवा दिए थे। फोर्किन ने ओलिवर रिली और लिन लुटोन के साथ टीम का स्कोर तिहरे अंक तक पहुंचाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज जोर्डन नील (11) और रेयान हंटर (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इससे पहले भारत ने मुशीर के 118 रन और कप्तान उदय सहारन (75 रन) के साथ उनकी 156 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 301 रन बनाए। दो मैच में दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और उसका अगले चरण में जगह बनाना लगभग तय है।

सचिन धास ने अंत में नौ गेंद में 21 रन की पारी खेलकर भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया जो इस मैदान पर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय मैच का सर्वोच्च स्कोर है। भारत ने अंतिम 10 ओवर में 119 रन बटोरे। पहले मैच की तरह कप्तान उदय सहारन ने एक बार फिर एंकर की भूमिका निभाते हुए स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और मुशीर को उनका नैसर्गिक आक्रामक खेल खेलने दिया।

# बॉलीवुड हलचल

## संगीत में किस्मत आजमाएंगी परिणीति चोपड़ा



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह एक गायिका के रूप में संगीत क्षेत्र में कदम रख रही हैं। शास्त्रीय संगीत की पृष्ठभूमि रखने वाली चोपड़ा ने एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ एक करार किया है, जो मनोरंजन जगत में एक प्रसिद्ध नाम है। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा संगीत मेरे लिए हमेशा खुशी की जगह रही है। दुनिया भर के अनगिनत संगीतकारों को मंच पर कार्यक्रम पेश करते देखा है और अब उस दुनिया का हिस्सा बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने को लेकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर हैं। यह यात्रा एक साथ दो क्षेत्रों में कॅरिअर बनाने का अवसर देती है। परिणीति चोपड़ा संगीत की दुनिया में पूरी तरह से नई नहीं हैं क्योंकि उन्होंने 2017 की अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदु के लिए माना के हम यार नहीं गाना गाया था।



### वरुण धवन की अगली फिल्म का नाम होगा बेबी जॉन

साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर एटली कुमार बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ फिल्म वीडी 18 बनाने जा रहे हैं। एटली कुमार ने हाल ही में फिल्म वीडी 18 का मुहूर्त वीडियो शेयर किया था। अब मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि वरुण धवन की इस फिल्म का नाम बेबी जॉन है और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी। हालांकि इस फिल्म में उनके सह कलाकार कौन होंगे इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है।

## सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री



सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस हिला दिया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बाद एक कई रिकॉर्ड्स बनाए। इस फिल्म के हिट होने के बाद सनी देओल के हाथ एक कई फिल्में लगी है लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा फिल्म लाहौर 1947 को लेकर है। इसमें सनी देओल लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए काफी समय से फीमेल लीड एक्ट्रेस की तलाश चल रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीति जिंटा इस फिल्म के साथ कमबैक करने वाली है। इस फिल्म में सनी देओल के बाद प्रीति जिंटा अहम रोल में नजर आने वाली हैं। हालांकि इसको लेकर अब तक कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि मेकर्स इसको लेकर जल्द घोषणा कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में फिर गदर मचाते दिखेंगे सनी देओल

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म लाहौर 1947 की कहानी में भी सनी देओल पाकिस्तान में गदर काटने वाले हैं। सनी देओल की इस फिल्म राजकुमार संतोषी डायरेक्ट करने वाले हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के सोशल मीडिया हैंडल से इसको लेकर बहुत पहले जानकारी दी गई थी। एक तस्वीर शेयर कर फिल्म की घोषणा हुई थी। उस वायरल तस्वीर में आमिर खान, सनी देओल और राजकुमार संतोषी साथ नजर आए थे।

## क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज



विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज कर दिया गया है। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म का टीजर और पहला गाना रिलीज किया जा चुका है। अब फिल्म का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज किया गया है। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म का यह गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### सपनों को नष्ट करे देगा असफल होने का डर

अभिषेक बच्चन ने गुरुवार को इंस्टाग्राम परएक पोस्ट शेयर की। अभिषेक बच्चन ने लिखा कि असफल होने का डर आपको सपनों को नष्ट करे देगा। असफलता से सीखना आपके सपनों को साकार करेगा। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलगाव की खबरों के बीच उनकी यह पोस्ट लोगों का ध्यान खींच रहा है। यह पहली बार नहीं है जब अभिषेक बच्चन ने अपनी पर्सनल लाइफ की उठापटक की खबरों के बीच पोस्ट शेयर किया है। इससे पहले भी वह ऐसा कर चुके हैं।

### कृति सेनॉन को मिला यूएई गोल्डन वीजा



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनॉन को हाल ही में बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। अब कृति सेनॉन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। दरअसल कृति सेनॉन को प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। पहले यह सम्मान शाहरुख खान, संजय दत्त, बोनी कपूर, रणवीर सिंह, वरुण धवन को मिल चुका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक, यह युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन


अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक करार देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भविष्य में जब भी इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इसका मूल्यांकन भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में किया जाएगा। राष्ट्रपति ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में विश्व के कई देशों के बीच चल रहे संघर्षों व मानवीय त्रासदियों पर चिंता जताई। उम्मीद जताई कि शांति स्थापित करने के रास्ते खोज लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए अनेक समयबद्ध योजनाएं क्रियान्वित कर रही है और ये किसी भी राजनीतिक या आर्थिक विचारधारा से परे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें (योजनाओं को) मानवीय दृष्टिकोण से ही देखा जाना चाहिए। देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सप्ताह के आरंभ में हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इतिहासकार, भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यह मंदिर न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

# जलवायु परिवर्तन: ध्रुवीय भंवर से कई देशों में कड़ाके की ठंड

▸▸ वैज्ञानिकों ने कहा- कमजोर ध्रुवीय भंवर के कारण मौसम में आया बदलाव

नैनीताल कार्यालय



आगे बढ़ते ध्रुवीय भंवर का मानचित्र।

### समताप मंडलीय ध्रुवीय भंवर

इन घटनाओं का दिलचस्प पहलू यह है कि वे अक्सर समुद्री जेट स्ट्रीम से भी ऊपर हवा की एक अन्य धारा में परिवर्तन के साथ घटित होती हैं। दरअसल समताप मंडलीय ध्रुवीय भंवर समतापमंडल के बीच में उत्तरी ध्रुव के चारों ओर घूमने वाली हवा की एक बड़ी धारा है, जो जेट स्ट्रीम को विकृत करने की ताकत रखती है और ठंडी हवा का प्रकोप पैदा करती है।

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन ने कड़ाके की ठंड के रूप में नए मौसम को जन्म दे दिया है। इसकी चपेट में आए दुनिया के कई देश कड़ाके की ठंड चपेट में हैं। यह ध्रुवीय भंवर कुछ देशों में पहुंचने लगे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि कमजोर ध्रुवीय भंवर के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। इसके प्रभाव के चलते अमेरिका के उत्तरी राज्यों में बर्फ़ीला तूफ़ान उठा है, जबकि दक्षिणी देशों में लोगों को अत्यधिक ठंड का सामना करना पड़ रहा है। यह जलवायु परिवर्तन का बड़ा प्रभाव है। यूमैस लोवेल के जलवायु विज्ञान प्रो मैथ्यू बार्लो समेत उनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने शोध कर मौसम के नए प्रभाव का पता लगाया है। प्रो मैथ्यू बार्लो के अनुसार पिछले सप्ताह बेहद ठंडी आर्कटिक हवा कड़ाके की सर्दी के साथ अमेरिका के अधिकांश हिस्से में पहुंच गई। जिसके चलते मोंटाना से टेक्सास शहर में तापमान के रिकॉर्ड टूट गए। खतरनाक रूप से गिरे तापमान से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और झीलें भारी बर्फबारी के चलते जम गई।

इस बीच आए बर्फीले तूफ़ानों का ग्रेट लेक्स और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में गंभीर प्रभाव पड़ा है। तापमान में आई गिरावट का कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि इस तरह की भीषण ठंड की घटनाएँ तब घटित होती हैं जब ध्रुवीय जेट स्ट्रीम - सर्दियों की परिचित जेट स्ट्रीम जो आर्कटिक और अधिक समशीतोष्ण हवा के बीच की सीमा के साथ चलती है और दक्षिण की ओर आगे है। ये हवाएं उन क्षेत्रों तक पहुंच गई, जो इसके प्रभाव से दूर रहती हैं।

# मध्य प्रदेश: एसडीएम ने महिला कर्मचारी से पहने जूते, तबादला

भोपाल/सिंगरौली

▸▸ मप्र के सीएम मोहन बोले- नारी सम्मान सर्वोपरि, वायरल फोटो पर एसडीएम ने कहा-मैंने पद का दुरुपयोग नहीं किया



सिंगरौली के चितरंगी तहसील अंतर्गत में पदस्थ एसडीएम चितरंगी की महिला कर्मचारी से खुद के पैर में जूता पहनवाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर हुई वायरल हुई थी। यह तस्वीर सामने आने के बाद एसडीएम ने महिला को माता तुल्य बताया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर एसडीएम को हटाने का निर्देश दिया है।

तस्वीर वायरल होने से स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। यह घटना 22 जनवरी की बताई जा रही है। सीएम ने एसडीएम को हटाने का निर्देश देते हुए कहा कि हमारी सरकार में नारी सम्मान सर्वोपरि है। 22 जनवरी को चितरंगी उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य मंत्री राधा सिंह के मौजूदगी में जब श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। जूते पहनाने वाली महिला कर्मचारी एसडीएम की विभागीय लिपिक बताई जा रही है । चितरंगी एसडीएम असवान राम चिरावन ने सफाई देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बगदारी में सभा के दावारन मेरा पैर स्लिप हो गया जिसमे मेरे दो पाई में गंभीर चोट आई थी जिसके चलते मैं ठीक से चल नहीं सकता हूं। एसडीएम ने कहा पूजा के समय जूते पैर से उतरे थे पूजा के बाद जूते पहन भी लिए थे किंतु लेस बांधने के झुक नहीं पा रहे थे तो माता तुल्य महिला ने मदद की थी। मैंने कोई पद का दुरुपयोग नहीं किया है।

## एक नजर

### श्रीलंका के राज्य मंत्री शनत का सड़क हादसे में निधन

**कोलंबो।** श्रीलंका के राज्य मंत्री शनत निशंता की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को कटुनायके एक्सप्रेसवे के पास घटी। स्तानीय मीडिया ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्री के साथ एक सुरक्षा अधिकारी की भी मौत हो गई है। जीप में राज्य मंत्री निशंता के साथ सुरक्षा अधिकारी और चालक सवार थे। उनकी जीप एक कंटेनर वाहन से टकराने के बाद सड़क के बाड़ से टकरा गई। वह कटुनायके से कोलम्बो की तरफ जा रहे थे। इस हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें रागमा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां निशंता और एक पुलिस कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। जीप चालक का इलाज जारी है।

### ऑस्ट्रेलिया में तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में एक समुद्र तट पर तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत हो गई। समुद्र तट पर हुई यह घटना लगभग 20 वर्षों में विक्टोरियाई समुद्री क्षेत्र में हुई सबसे भयावह हादसों में से एक है। अधिकारियों ने कहा बुधवार को विक्टोरिया के फिलिप आइलैंड में घटना हुई है। आपातकालीन सेवाओं को बुधवार अपराह्न करीब 3 :30 बजे न्यूहेवन के पास चार लोगों के पानी में डूबने की आशंका की सूचना मिली। 'लाइफ सेविंग विक्टोरिया' राज्य एजेंसी के कमांडर केन ट्रेलोर ने कहा, फिलिप द्वीप पर फॉरेस्ट केव्स के समुद्री क्षेत्र में संकट में फंसे चार लोगों की सहायता के लिए लाइफ सेविंग विक्टोरिया को बुलाया गया था, जो हमारे गश्त वाले लाइफगार्ड स्थल से केवल कुछ किमी की दूरी पर है।

# शीर्ष कोर्ट के जज बने पीबी वराले, ली शपथ

## केंद्र ने बुधवार को दी थी नियुक्ति को मंजूरी, शीर्ष कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या हुई पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जज के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) समेत न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो गई, जो कि कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या है।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड सुप्रीम कोर्ट के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में न्यायमूर्ति वराले को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति वराले की सुप्रीम कोर्ट में जज के तौर पर नियुक्त करने की मंजूरी केंद्र सरकार ने बुधवार को दी थी। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उनके नाम की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने कहा था कि इस तथ्य पर विचार किया गया है कि वह उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक हैं। वह उच्च न्यायालय में अनुसूचित जाति से आने वाले एक मात्र मुख्य न्यायाधीश हैं। उच्चतम न्यायालय में अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाले तीसरे न्यायाधीश होंगे। अन्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति टी रवि कुमार हैं।



न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाते सीजेआई।

### मौर्य को राहत, शीर्ष कोर्ट ने आपराधिक कार्यवाही पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हिंदुओं की आस्था को आहत करने का आरोप है। इसी बीच रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी के बाद कठोर अदालती कार्यवाही की आशंका से घिरे मौर्य को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को मौर्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सवाल किया कि यह इतना संवेदनशील मुद्दा क्यों है, जिसमें बयान के आधार पर आपराधिक कार्यवाही की अपील की जा रही है। मौर्य ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ के समक्ष एक याचिका में, अपने खिलाफ दाखिल आरोपपत्र और निचली अदालत द्वारा मामले में पेश होने का निर्देश देते हुए जारी समन को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने 31 अक्टूबर 2023 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

### कैग की नियुक्ति प्रक्रिया पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांग जिसमें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की नियुक्ति की प्रक्रिया को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की इन दलीलों का संज्ञान लिया कि कैग की नियुक्ति की मौजूदा प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है। पीठ ने अनुपम कुलश्रेष्ठ और अन्य की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा वित्त मंत्रालय को नोटिस जारी किये। याचिका में कैग की नियुक्ति के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया को भारत के संविधान की मूल भावना के खिलाफ घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि संबंधित प्रणाली स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है।

### जांच मामला: स्थानांतरित ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा, जिसमें रिश्वत के आरोप में तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए उसके अधिकारी के खिलाफ मामले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की गई है जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह में जवाब मांगा। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि मंत्रियों के खिलाफ जांच से संबंधित फाइलें छीन ली गईं, जिसके बाद पीठ ने तमिलनाडु पुलिस से सुनवाई की अगली तारीख पर रिश्वत मामले में एकत्र की गई सामग्री पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति कांत ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अमित आनंद तिवारी से मामले की सुनवाई की अगली तारीख तक रिश्वत मामले की जांच आगे नहीं बढ़ाने को कहा।

# सीपीईसी: चीन पाकिस्तान के साथ काम करने को राजी

इस्लामाबाद/बीजिंग, एजेंसी

▸▸ आर्थिक गलियारा होगा अपग्रेड चीन ने कहा- इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते होंगे गहरे



चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को लेकर ड्रैगन ने कहा है कि वह इसे अपग्रेड करने लिए तैयार है। चीन ने कहा है कि इस अरबों डॉलर की परियोजना को अपग्रेड करेगा, ताकि चीन और पाकिस्तान के बीच रिश्ता कायम रह सके। चीन का कहना है कि इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते गहरे होंगे।

वहीं, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने कहा कि सीपीईसी का पहला चरण पूरा होने से पाकिस्तान को लाभ मिल रहा है। खासकर फसल परियोजनाओं से पाकिस्तान लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसका अगला चरण पूरा करने के लिए चीन से संपर्क में है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को कहा कि चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच समझ को पूरा करने, आपसी विश्वास को गहरा करने और व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने को तैयार है। चीन का कहना है कि भविष्य में इस परियोजना में और भी तेजी लाया जाएगा बता दें कि सीपीईसी परियोजना का भारत हमेशा से विरोध करता रहा है, क्योंकि यह पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है और इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बीच से निकाला जा रहा है। कुछ दिनों पहले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदॉन्ग पाकिस्तान की यात्रा पर गए थे। उप विदेश मंत्री ने पाकिस्तान यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री काकर, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर और विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से मुलाकात की थी।

# भारत-अमेरिका के रिश्ते हमेशा मजबूत रहे : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, एजेंसी



▸▸ भारतीय राजदूत संधू के विदाई समारोह में पहुंचे तीन अमेरिकी सांसद

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के विदाई समारोह में यूएस सांसद मार्क वॉर्नर, एमी क्लोबुशर और इंडिया हाउस के जॉन ओसोफ शामिल हुए। वहीं, अमेरिका में मौजूद सिख समुदाय ने तरणजीत सिंह संधू को सम्मानित किया।

सांसद मार्क वॉर्नर ने तकणजीत सिंह संधू के विदाई समारोह के दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती का मूल साझा मूल्यों पर आधारित है।

सांसद क्लोबुशर ने कहा, हमें मालूम है कि यहां बहुत चुनौतियां है, लेकिन हमारे देशों के बीच एक ऐसा रिश्ता है जो हमेशा मजबूत रहा है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सांसद ओसोफ ने कहा, मैं आपके सहयोग और कड़ी मेहनत के लिए आपको बहुत ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय रिश्ते को निर्देशित करने में मदद के लिए आपका धन्यवाद।

राजनयिक के रूप में तरणजीत सिंह संधू ने 35 साल का शानदार करियर पूरा किया। तीन दशक से अधिक लंबे करियर के दौरान संधू ने चार बार अमेरिका में भारतीय राजनयिक के रूप में सेवाएं दीं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका से संबंधों को नए मुकाम पर पहुंचाने में इनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।

## चकाचौंध...



**मुंबई :** विकसित भारत और लोकतंत्र की मातृका, थीम के साथ इस वर्ष की 26 जनवरी महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित है। ये दिन सांस्कृतिक विरासत और विविधता में एकता का प्रतीक है। गणतंत्र दिवस पर संविधान की उद्देशिका में लिखे न्याय, समताओं, स्वतंत्रताओं, अधिकारों, देश की एकता-अखण्डता, व्यक्ति की गरिमा के साथ-साथ बंधुता के मूल्यों को याद किया जाता है। वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश भक्ति के रंग में चकाचौंध कर दिया। ● एजेंसी

# अमेरिका: 16 साल से छोटे बच्चों के इंटरनेट अकाउंट पर लगा बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में बच्चों के इंटरनेट अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के लिए बिल पारित किया गया है। सदन में बुधवार को पारित बिल के तहत 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसमें माता-पिता की मंजूरी का प्रावधान नहीं रखा गया है। बिल में इसकी जानकारी नहीं दी गई है कि कौन से प्लेटफार्म प्रभावित होंगे, लेकिन यह किसी भी इंटरनेट मीडिया साइट को लक्षित करता है, जो उपयोग करने वालों की गतिविधि को ट्रैक करता है। बच्चों को सामग्री अपलोड करने और अनजान लोगों के साथ बातचीत की अनुमति देता है।

यह बिल व्यक्तियों के बीच निजी संदेशों के लिए उपयोग किए जाने वाले एप को प्रभावित नहीं करेगा। रिपब्लिकन प्रतिनिधि टायलर सिरोइस ने कहा कि वे बड़े हो रहे बच्चों का फायदा उठा रहे हैं। यही उनका बिजनेस मॉडल है।

# रैली में शेर लेकर पहुंचे समर्थक नवाज ने जताई नाराजगी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में जल्द ही आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ऐसे में पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। नवाज शरीफ की रैली में पीएमएलएन समर्थक असली शेर ही ले आए। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है।

दरअसल लाहौर में नवाज ने एक विशाल रैली का आयोजन किया। हैरानी तो तब हुई जब पार्टी के समर्थक रैली स्थल पर असली शेर को ले आए। यह शेर पिंजरे में बंद था और एक खुली गाड़ी में शेर के पिंजरे को रखा गया था। पीएमएलएन का चुनाव चिन्ह शेर ही है। यही वजह है कि रैली में असली शेर लाकर लोगों को लुभाने की कोशिश की गई। हालांकि पार्टी समर्थकों की इस हरकत का उल्टा असर हुआ और लोगों ने इस कदम का आलोचना की। पीएमएलएन की नेता मरियम औरंगजेब ने बताया कि नवाज ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और उनके निर्देश पर शेर को वापस भेज गया।

### पाकिस्तान आर्मी पिता को वापस लेकर आई: मरियम

नवाज की मुख्य आयोजक और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पाकिस्तान के ननकाना साहिब में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान आर्मी आखिरकार मेरे पिता को ब्रिटेन से वापस ले आई, जहां वह चार साल से थे। मरियम नवाज ने रैली में कहा कि जिन्होंने मेरे पिता को अपदस्थ किया था, वे उन्हें वापस ले आए हैं।रमरियम ने कहा कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ एकलौते पाकिस्तानी राजनेता हैं, जो रिकॉर्ड तीन बार तख्तापलट वाले देश के प्रधानमंत्री बनें।

# पूर्व विदेश सचिव बोले मैंने कहा था अमेरिका से संबंध न बिगाड़ें इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा रहे हैं। इस बीच इमरान खान को लेकर पूर्व पाक विदेश सचिव सोहेल महमूद ने बड़ी बात की है। उन्होंने कहा कि मैंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कैबिनेट को स्पष्ट कहा था कि वह अमेरिका के साथ जुड़े रहें।

साथ ही मैंने उन्हें बताया था कि वाशिंगटन में देश के दूतावास से राजनयिक संचार को सार्वजनिक करने से अमेरिका के साथ संबंध कैसे प्रभावित हो सकते हैं। गौरतलब है कि राजनयिक केबल को साइफर कहा जाता है। अमेरिका से जुड़े साइफर को इमरान खान ने 27 मार्च 2022 को रैली में सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिशें रची जा रही हैं।

# अफ्रीका: माली में अवैध सोने की खदान धंसी, 70 की मौत

**बमाको।** अफ्रीका के माली में एक अवैध सोने के खदान धंसने से 70 लोगों की मौत हो गई। हादसे से जुड़े लोगों के मुताबिक मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। खदान के धंसने के बाद से राहत और बचाव कार्य जारी है। अफ्रीकी सरकार के राष्ट्रीय भूविज्ञान और खनन निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी करीम बर्थे ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को हादसे को लेकर एक विवरण की पुष्टि की है और उन्होंने इसे एक दुर्घटना बताया है। हालांकि अभी तक हादसे को लेकर कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। साथ ही अभी तक यह भी साफ नहीं किया गया है कि हादसा जब शुक्रवार को हुआ था, तो इसकी जानकारी मंगलवार को क्यों दी गई है। जानकारी के मुताबिक सोने की अवैध खदान दक्षिण-पश्चिमी कौलिकोरो क्षेत्र के कंगाबा जिले में धंसी है।

## खुलासा

**टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी नए फीचर्स को इस साल के आखिर में रोल आउट करने के लिए तैयार, बढ़ाएगी सड़क पर सुरक्षा**

# गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी





### विशेषताओं के आधार पर मिलेगी जानकारी

इंटीग्रेशन ईवी ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखता है। जिससे यूजर्स को उनके गंतव्य पर पहुंचने पर उनके अनुमानित बैटरी लेवल जैसी अहम जानकारी मिल जाती है। इसके अलावा, सिस्टम रूट के साथ ऑप्टिम चार्जिंग स्टॉप का सुझाव देगा और वाहन की विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर चार्जिंग प्रक्रिया में कितना समय लगेगा, इसका अनुमान देगा।



गूगल ने ड्राइवरों के ध्यान भटकाने को कम करने और सड़क पर सुरक्षा बढ़ाने के लक्ष्य के साथ, एंड्रॉइड ऑटो में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को इंटीग्रेट करने की योजना का खुलासा किया है। टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी इन नए फीचर्स को इस साल के आखिर में रोल आउट करने के लिए तैयार है। जिसमें सबसे पहला फोकस ड्राइवरों द्वारा स्क्रीन देखने के समय को कम करना है।

एंड्रॉइड ऑटो में हो रहे बदलावों में सबसे अहम एक लंबे मैसेज या चैट की बातचीत को सारांशित (समराईज) करने की क्षमता है। जो यूजर्स को एक सारांश उपलब्ध कराती है जिसे वे चलते-फिरते सुन सकते हैं। इसके अलावा, एआई प्रतिक्रियाओं का सुझाव देगा, एक हैंड्स-फ्री और सुव्यवस्थित इंटरेक्शन एक्सपीरियंस (संवाद अनुभव) प्रदान करेगा।

यह सिस्टम मैसेज में संदर्भ भी जोड़ेगी। जैसे किसी दोस्त द्वारा उनके संभावित पहुंचने के समय (ईटीए) (ईटीए) के बारे में पूछने पर गूगल मैप्स डेटा के आधार पर यूजर के पहुंचने के समय का अनुमान लगा लेगा।

नेविगेशन को आसान बनाने के लिए, गूगल एक वन-टैप सुविधा भी शुरू कर रहा है। जो यूजर्स को गूगल मैप्स में मैन्युअल रूप से जानकारी दर्ज किए बिना साझा किए गए जगहों पर जल्दी से नेविगेट करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, गूगल ने एंड्रॉइड ऑटो के डिजाइन को यूजर्स के स्मार्टफोन के साथ ज्यादा नजदीकी से एलाइन (संरेखित) करने की योजना का खुलासा किया है। कार में डैशबोर्ड डिस्प्ले कनेक्टेड फोन के आइकन स्टाइल और वॉलपेपर को ही डिस्प्ले करेगा। जिससे ड्राइवरों के लिए एक सुसंगत और विजुअली इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस मिलेगा। इन आगामी एआई-से चलने वाले फीचर्स के साथ, गूगल का लक्ष्य एंड्रॉइड ऑटो को सड़क पर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, एक कनेक्टेड और इंटेलिजेंट इन-कार एक्सपीरियंस की तलाश करने वाले ड्राइवरों की पहली पसंद बनना है। गूगल ने एआई को इंटीग्रेट करने के अलावा, यह भी एलान किया है कि एंड्रॉइड ऑटो को कई अहम अपग्रेड हासिल होंगे। जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) यूजर्स के एक्सपीरियंस को बढ़ाने और टॉप कार ब्रांडों के साथ एकीकरण को व्यापक बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। आगामी विशेषताएं, आने वाले महीनों में फॉर्ड मोस्टेंग मैच-ई और एफ-150 लिंगस्टिंग पर शुरू होने वाली हैं। एंड्रॉइड ऑटो के साथ कंपैटिबल इलेक्ट्रिक वाहनों को गूगल मैप्स के साथ रियल टाइम में बैटरी जानकारी साझा करने की अनुमति देंगी।

# राम-राम सुनते ही भड़क गई मैडम, छात्र को पीटा, निलंबित

सतना, एजेंसी



मध्यप्रदेश के सतना में छात्र के राम-राम कहने पर स्कूल में मैडम भड़क गईं और छात्र की पिटाई कर डाली। सूचना मिलने पर एनएसयूआई और करणी सेना के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक मामला सतना के एक निजी स्कूल का है। बताया जा रहा है कि छात्र समागम के दौरान पहुंचे एक छात्र ने अपने सहपाठियों का स्वागत राम-राम कहकर किया। उस वक्त वहां एक महिला टीचर भी मौजूद थीं। उस टीचर ने पहले छात्र को राम-राम कहने पर डांटा। जब छात्र ने सफाई देने की कोशिश की तो शिक्षक ने छड़ी उठा ली और छात्र को बुरी तरह पीटा। कुछ ही देर में घटना की जानकारी स्कूल परिसर के बाहर करणी सेना के पदाधिकारियों तक पहुंच गई। इसके बाद बड़ी संख्या में इस संगठन के लोग स्कूल के बाहर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने भी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

छात्र टीचर को सफाई देते हुए कह रहा था कि वह अपने सहपाठियों का इस शब्द से अभिवादन कर रहा था। उसने अभी-अभी टीचर को गुड मॉर्निंग कहा था। छात्र के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस भी अपने स्तर पर मामले की जांच में जुट गई है।